## खबर संक्षेप



### विस चुनाव से पहले पलामू में मिले दो लैंडमाइंस

**मेदिनीनगर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले नक्सली भी सक्रिय हो गये हैं। चुनावों के दौरान हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। पुलिस इनकी योजना को नाकाम करने में जुटी है। इसी अभियान के तहत पलामू जिला में शुक्रवार को दो लैंडमाइंस मिले। पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के बरनचुआ जंगल से ये दोनों लैंडमाइंस बरामद किये गये हैं। बताया जा रहा है विस चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान शुक्रवार को बरनचुआ जंगल से 05-05 किलो के लैंडमाइंस बरामद हुए। सर्च ऑपरेशन जारी है।

### महागठबंधन की प्रेस वार्ता में दिखा बिखराव, न आए मांझी



**पटना।** अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही महागठबंधन में बिखराव अब दिखने लगा है। विस चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के जीतन राम मांझी का बयान होने का असर दूसरे दिन ही दिख गया। शुक्रवार को जब महागठबंधन व वाम दलों ने प्रेस वार्ता आयोजित की तो उसमें हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के मुखिया जीतनराम मांझी या उनके प्रतिनिधि नहीं आये। वहीं, दूसरी तरफ आरजेडी की ओर से भी प्रेस वार्ता में शामिल होने वाला कोई बड़ा नेता नहीं था। 'हम' के प्रदेश अध्यक्ष बीएल वैस्यंत्री ने कहा कि 'हम' पार्टी का एजेंडा स्पष्ट है।

## अयोध्या, लखनऊ के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करें: योगी

# 'सूबे में शान्ति बनाए रखने के लिए सजग रहें अफसर'

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्वों और रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के मद्देनजर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। योगी ने कहा कि प्रदेश में शान्ति हर हाल में बनाए रखने के लिए अधिकारी पूरी तरह सजग व तत्पर रहें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। शरारती तत्वों एवं माहौल खराब करने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए। सीएम ने गुरुवार देर रात को सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलों एवं जनपदों के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने अयोध्या सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश स्तर पर व प्रत्येक जनपद में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित कर तुरन्त संचालित करने के निर्देश दिए। ये नियंत्रण कक्ष 24 घंटे लगातार कार्य करेंगे। योगी ने अयोध्या एवं लखनऊ जनपदों के लिए एक-एक हेलीकॉप्टर की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शांति समिति की बैठकों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों, धार्मिक गुरुओं, प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि के साथ संवाद स्थापित किया जाए व बारावफात के जुलूसों का शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जाए। सीएम ने निर्देश दिए कि पर्वों एवं त्योहारों की आड़ में अव्यवस्था, अराजकता पैदा करने वालों को बख्शा न जाए व समय रहते कार्रवाई की जाए। उन्होंने सुरक्षा कड़ी किए जाने व सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अयोध्या जनपद में साफ-सफाई व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के अलावा अयोध्या आने-जाने वाले मार्गों पर भीड़ की स्थिति से निपटने के इंतजाम करने को कहा है।

### सीएम के निर्देश



- सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अयोध्या सहित अन्य जनपदों का जाना हाल
- कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए
- प्रदेश स्तर पर व प्रत्येक जनपद में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित कर तुरन्त संचालित करें
- नियंत्रण कक्ष 24 घंटे लगातार कार्य करेंगे



### शांति के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए: मौर्य



प्रयागराज। अयोध्या मामले पर आने वाले फैसले को लेकर शुक्रवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सामने आए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद प्रदेश में शांति बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए हैं। संबंधित अफसरों को पहले ही जरूरी दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। मौर्य ने कहा कि सीएम योगी के अब तक के कार्यकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। इसी तरह से अयोध्या मामले पर फैसला आने के बाद भी सूबे में कोई गड़बड़ी नहीं होगी व शांति व्यवस्था कायम रहेगी। उन्होंने जनता से आपसी भाईचारा बनाए रखने की भी अपील की। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सरकारी इंतजामों के साथ-साथ जिम्मेदार व जागरूक नागरिक खुद भी अमन व भाईचारा कायम रखने के लिए आगे आ रहे हैं।

### मजहबी जज्बात को ठेस न पहुंचे: महली

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला जल्द आने वाला है व जैसा कि हम शुरू से ही संविधान के दायरे में रहते आए हैं, अतः हम सभी को ऐसा कोई भी मुशायरा या प्रदर्शन नहीं करना चाहिए जिससे किसी के मजहबी जज्बात को ठेस पहुंचे।

### भावनाओं को ना पहुंचे ठेस

लखनऊ के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुरोहित सर्वेश शुक्ला ने कहा कि वह समाज के सभी वर्गों से अपील करते हैं कि वह अदालत के फैसले का सम्मान करें। लोगों को ख्याल रखना चाहिए कि वह ऐसा कोई काम ना करें जिससे दूसरों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे।

### सभी करें सम्मान: डिसूजा

लखनऊ के कैथोलिक डायोसियस के चांसलर फादर डोनाल्ड डिसूजा ने कहा कि हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, यहां कानून सबके लिए बराबर है अतः सभी को फैसले का सम्मान करना चाहिए।

### अयोध्या फैसले को हार जीत के रूप में न लें : विहिप

बिजनौर। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपतराय बंसल ने अयोध्या रामजन्म भूमि विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के आने वाले फैसले को हार-जीत के तौर पर न लेने की अपील करते हुए कहा कि इससे किसी को भी उन्माद में आने या निराश होने की जरूरत नहीं है।

झारखंड विस चुनावः भाजपा के खिलाफ एकजुट हुए विपक्षी

# महागठबंधन के सीएम प्रत्याशी सोरेन झामुमो-कांग्रेस साथ आए, राजद रूठा



एजेंसी ⏭ रांची

- सोरेन, आरपीएन सिंह ने संयुक्त प्रेस वार्ता में की महागठबंधन की घोषणा
- पहले चरण में 6 कांग्रेस, 4 झामुमो व 3 सीटें राजद के हिस्से में आई

विपक्षी गठबंधन से झारखंड विकास मोर्चा के बाहर होने के बाद अब झामुमो और कांग्रेस मजबूती से साथ हो गए हैं पर राजद रूठ गया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी आरपीएन सिंह ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही व घोषणा की कि हेमंत मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। शुक्रवार को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में झामुमो और कांग्रेस के सीनियर नेता तो दिखे लेकिन राजद की अनुपस्थिति पर खूब सवाल उठे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी आरपीएन सिंह और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन तेजस्वी यादव की अनुपस्थिति पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। दोनों पार्टियों ने पहले चरण की सीटों की घोषणा भी कर दी। इसमें छह कांग्रेस के हिस्से आई हैं, चार झामुमो और तीन राजद सीटें राजद को मिली हैं। पहले चरण की 13 सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 13 नवंबर है। इसी चरण में विश्रामपुर सीट के लिए राजद अपनी दावेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं है। कुछ सीटों पर झामुमो व कांग्रेस में भी जिच है और इसी कारण राजद को आवंटित सीटों की घोषणा कर दी गई लेकिन इन दोनों पार्टियों ने अगले चरणों के लिए सीटों की घोषणा नहीं की। हालांकि कांग्रेस और झामुमो में सीटों की संख्या को लेकर कोई जिच नहीं है। झामुमो को 43 और कांग्रेस को 31 सीटें दी गई हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अपने हिस्से से वामपंथियों के लिए सीट छोड़ेगी और झामुमो मासस के लिए।

### टिकट के इच्छुक पार्टी फंड में दें 51 हजार रुपये का 'शगुन'

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पार्टी से टिकट पाने के इच्छुक लोगों को कहा कि उन्हें अपनी अर्जी के साथ ही पार्टी फंड में 51 हजार रुपये का 'शगुन' जमा कराना होगा। झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद पांडेय ने कहा कि उनकी पार्टी कोई कॉरपोरेट पार्टी नहीं है। उसे चुनाव लड़ने के लिए धन की जरूरत होगी व इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी टिकट के इच्छुक लोगों से सहयोग राशि के रूप में पार्टी फंड में 51 हजार रुपये जमा कराने को कह रही है। झामुमो का यह फैसला नया नहीं है। पिछले चुनावों में भी झामुमो ने टिकटार्थियों से सहयोग राशि ली थी। चुनाव दर चुनाव यह राशि बढ़ाई गई है। प्रारंभ में यह सहयोग राशि पांच हजार रुपये थी। बाद में वह 10 हजार रुपये, फिर 15 और फिर 21 हजार रुपये हुई। झामुमो के उम्मीदवारों की पहली सूची शीघ्र जारी की जायेगी।

### लोजपा के प्रभारी वीरेंद्र कुशवाहा झाविमो में शामिल



रांची/हुसैनाबाद। झारखंड में विस चुनाव से पहले दल-बदल का दौर जारी है। शुक्रवार को पलामू के हुसैनाबाद विस में लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के प्रभारी वीरेंद्र कुशवाहा ने झारखंड विकास मोर्चा (झाविमो) का दामन थाम लिया है। रांची में मोर्चा प्रमुख बाबूलाल मरांडी के समक्ष कुशवाहा ने मोर्चा की सदस्यता ली। उम्मीद थी कि एनडीए गठबंधन के तहत हुसैनाबाद सीट लोजपा को मिल सकती है। चर्चा को बल तब मिला था, जब सांसद चिराग पासवान ने हुसैनाबाद में सभा की थी।

## राशिफल 09 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष :** कार्यक्षेत्र पर काम करते समय सतर्क रहें। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। सेहत में सुधार के संकेत हैं। जीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकते हैं। अपने साथी पर शक कर सकते हैं। शुभ अंकः 6, रंग : पीच।

**वृष:** पढ़ाई को लेकर अपने विकल्प चुन सकते हैं। करियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी को उधार दिया गया पैसा वापिस होगा। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। शुभ अंकः 18, रंगः पीला।

**मिथुन:** करियर को लेकर संतुष्ट महसूस करेंगे। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। शांति का माहौल बनाने के लिए प्रयास करने होंगे। शुभ अंक : 11, रंगः सफेद।

**कर्क:** धन संबंधित मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र पर कोई महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सेहतमंद रहने के लिए अपने खानपान की आदत पर नियंत्रण रखें। शुभ अंकः 7, रंगः रोजी ब्राउन।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र पर सहयोगियों के साथ बनाकर चलेंगे। आर्थिक रुप से स्थिर होने की कोशिश करेंगे। लंबे समय से चली आ रही सेहत से जुड़ी कोई समस्या दूर होगी। शुभ अंकः 18, रंगः पर्पल।

**कन्या:** करियर के लिहाज से समय अच्छा है। किसी चीज में किया गया निवेश फायदेमंद साबित होगा। सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। परिवार के किसी उत्सव में शामिल होंगे। शुभ अंकः 15, रंगः कॉफी।

**तुला:** किसी महंगी चीज की खरीददारी करेंगे। नौकरी को लेकर संतुष्ट रहेंगे। सेहत को लेकर दिन अच्छा है। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। प्रॉपर्टी को देखने में सारा दिन बिता देंगे। शुभ अंकः 2, रंग : रोज।

**वृश्चिक:** करियर को लेकर संतुष्ट महसूस करेंगे। किसी चीज के लिए अप्लाई किया गया लोन जल्दी पास हो सकता है। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। शुभ अंकः 8, रंग : वॉयलेट।

**धनु:** निराशा से जूझ रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आज के दिन फिट, ऊर्जावान महसूस करेंगे। करीबी के साथ यात्रा पर जाकर एंजॉय करेंगे। शुभ अंक : 5, रंगः हल्का हरा।

**मकर:** कार्यक्षेत्र पर अपने विचारों को लागू करने के लिए दिन अच्छा है। फिजूल खर्चों को कम करने की कोशिश करें। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। शुभ अंक : 17, रंगः गाढ़ा हरा।

**कुंभ :** करियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सेहतमंद रहने के लिए खानपान की आदत सुधारें। परिवार के किसी बड़े सदस्य की मदद करने से लाभ होगा। शुभ अंक : 9, रंगः गोल्डन ब्राउन।

**मीन:** करियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। धन लाभ के योग बन रहे हैं। सेहत में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। यात्रा से जुड़े प्लान गोपनीय रखें। किसी नई जगह शिफ्ट हो सकते हैं। शुभ अंक : 1, रंग : हल्का लाल।

**: टिप्स :**

1. सीढी के निचले पायदान पर एक बड़ा पौधा लगाएं। सीढी घर को दो भागों में बांटता है, इससे घर के दोनों हिस्सों मे उर्जा बंट जाती है। पौधा लगा देने से ची की उर्जा बनी रहती है और घर के दोनों हिस्से आपस में जुड़े रहते हैं।
2. एक छोटा सा चौमुखी क्रिस्टल बॉल अपने बेडरुम की छत से लगाएं और इसे नौ इंच लम्बे लाल रिबन से बांध दें। यह आपके प्यार भरे जीवन को रंग से भर देगा।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

### रूद्रप्रयाग में दुस्साहिक वारदात

## विधायक को पेट्रोल से जलाने का हुआ प्रयास



- घटना के संबंध में दबोचे गए दो आरोपियों से हो रही पूछताछ

**देहरादून।** उत्तराखंड में रूद्रप्रयाग से कांग्रेस विधायक मनोज रावत को शुक्रवार को कथित असामाजिक तत्वों ने उनके विधानसभा क्षेत्र में पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, अशोक कुमार ने बताया कि रूद्रप्रयाग के पास अगस्तमुनि क्षेत्र में हुई इस घटना में रावत हालांकि, बाल-बाल बच गये और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। एक व्यक्ति को विधायक रावत के गनर ने उनपर पेट्रोल डालने के दौरान ही पकड़ लिया था। दूसरे को बाद में गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रथमदृष्टया यह मामला आपसी रंजिश का लग रहा है क्योंकि विधायक का गुरुवार को कुछ लोगों के साथ झगड़ा हुआ था।

### प्रदेश की कानून-व्यवस्था चरमरा गई है: प्रीतम सिंह



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच में यह पता चलना चाहिए कि इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। प्रदेश अध्यक्ष ने रावत के लिये सुरक्षा की भी मांग की है।

# वीवीआईपी गेस्ट हाउस कांड: बसपा ने मुलायम के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की अर्जी दी

एजेंसी ⏭ लखनऊ



- अखिलेश यादव ने इस कदम के लिए मायावती को किया धन्यवाद

बसपा ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव पर 1995 के वीवीआईपी गेस्ट हाउस कांड को लेकर दायर मामला वापस लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अखिलेश यादव के आग्रह पर पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्र को निर्देश दिया कि वह मामला वापस लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल करें। माया ने दो दिन पहले लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक के दौरान कहा था कि जब बसपा ने लोकसभा चुनाव के लिए सपा से गठबंधन किया था तो अखिलेश ने मामला वापस लेने का अनुरोध किया था, मिश्र ने इस उद्देश्य से मामला वापस लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी थी। मिश्र ने शीर्ष अदालत में अर्जी देने की पुष्टि की है।

### जून 1995 में माया से हुई थी बदसलूकी

घटना दो जून 1995 की है, जब मायावती ने मुलायम सरकार से समर्थन वापस ले लिया था, सरकार अल्पमत में आ गई थी। खबरों के मुताबिक सपा कार्यकर्ताओं ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस में मायावती का घेराव कर दिया था। अपशब्द कहे व कथित रूप से बिजली एवं जल की आपूर्ति काट दी थी। इस दौरान भाजपा नेता ब्रहमदत्त द्विवेदी ने मायावती को बचाया था।

अखिलेश यादव ने मायावती के इस कदम के लिए उनका धन्यवाद किया है।

### भाजपा से मिलकर लड़ने की भीम आर्मी की अपील बसपा ने ठुकराई

बसपा की अध्यक्ष मायावती ने भीम आर्मी के चंद्रशेखर के द्वारा बीजेपी के खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ आने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। बसपा ने भीम आर्मी के प्रमुख चंद्र शेखर 'आजाद' द्वारा मायावती को लिखे गए पत्र को 'दलितों के मध्य भ्रम पैदा करने वाला' बताया। साथ ही चंद्रशेखर को दलितों को बांटने वाला नेता बताया। बता दें कि भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर ने बसपा अध्यक्ष मायावती के नाम चार पेज का खुला खत लिखा था। चंद्रशेखर ने माया से अपील की थी कि सारे मतभेदों को भुलाकर साथ आएं, बहुजन मूवमेंट की ताकत को बढ़ाएं।

सूचना विभाग की एलईडी वैन पंजीयन में हेरा फेरी

## 6 फर्मों पर एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** सूचना विभाग में एलईडी वैन के पंजीकरण प्रमाणपत्र में हेराफेरी व छेड़छाड़ मामले में छह संबंधित फर्मों के विरुद्ध लखनऊ के हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सरकार की ओर से शुक्रवार को बयान में यह जानकारी दी गई। अपर मुख्य सूचना सचिव अवनीश कुमार अवस्थी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। एलईडी वैन के वांछित पंजीकरण प्रमाणपत्र में हेराफेरी व छेड़छाड़ प्रकरण में अवस्थी ने सूचना निदेशक को संबंधित फर्मों को काली सूची में डालने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिछली निविदा में फर्जी अभिलेख लगाए जाने के संबंध में भी जांच के आदेश दिये हैं। एफआईआर नगर की क्रक्सा पब्लिसिटी, फिस्कान मीडिया, खेन्सा एडवरटाइजिंग, एडमायर पब्लिसिटी, मीडिया लाजिक्स व मातेश्वरी इण्टरप्राइजेज के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

### नोटबंदी: बैंक की लाइन में पैदा हुए बच्चे 'खजांची' का जन्मदिन मनाया

### सत्ता में वापसी करेगी पार्टी: अखिलेश

लखनऊ। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2022 में प्रदेश में अपनी पार्टी की सत्ता में वापसी पर भरोसा जताते हुए कहा कि अब कोई नोटबंदी या गुमराह करने वाला 'नशा' उन्हें व उनकी पार्टी को रोक नहीं सकता है। नोटबंदी के दौरान 3 साल पहले बैंक की लाइन में पैदा हुए बच्चे 'खजांची' के जन्मदिन पर अखिलेश ने कहा कि नोटबंदी व जीएसटी से मिले जख्म अब ज्यादा गहरे हो गए हैं।



### दुमका कोषागार गबन मामला: सीबीआई ने जवाब देने के लिए अदालत से मांगा वक्त

# लालू की जमानत पर 22 को सुनवाई

एजेंसी ⏭ रांची



- चार मामलों में सजायाफ्ता लालू रिम्स अस्पताल में हैं भर्ती

झारखंड हाईकोर्ट में चारा घोटाले से जुड़े दुमका कोषागार गबन मामले में बिहार के पूर्व सीएम, राजद के मुखिया लालू प्रसाद यादव की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। लेकिन सीबीआई ने इसपर जवाब देने के लिए अदालत से वक्त मांगा, जिसके बाद सुनवाई 22 नवंबर के लिए स्थगित कर दी गई है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह ने मामले में शुक्रवार को लालू के वकीलों की दलील सुनी जिसमें मुख्य रूप से उन्होंने लालू की उम्र एवं उनके स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अपने मुवक्लिक को जमानत देने का अनुरोध किया है। अदालत में पक्ष रखने के लिए सीबीआई ने समय की मांग की जिसपर पीठ ने मामले पर सुनवाई 22 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। 25 अक्तूबर को न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह की पीठ से यादव ने मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। इसी आधार पर आठ नवंबर (आज) की तिथि निर्धारित हुई थी। दुमका कोषागार मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने यादव को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), भ्रष्टाचार निवारण (पीसी) एक्ट के तहत सात-सात वर्ष की कैद की सजा सुनाई है।

### बीमारी का हवाला दिया

चारा घोटाले के चार विभिन्न मामलों में वह सजायाफ्ता हैं व फिलहाल बिरसा मुंडा कारागार के माध्यम से रिम्स अस्पताल में भर्ती हैं। यादव ने जमानत के लिए अपनी बीमारी का हवाला दिया है। अर्जी में कहा है कि वह रिम्स में भर्ती हैं व कई बीमारियों से ग्रसित हैं।

### अनंत सिंह पर तय नहीं हुए आरोप, 13 को सुनवाई



पटना। मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह की पटना के एमपी/एमएलए कोर्ट में शुक्रवार को पेशी हुई। कोर्ट में बाहुबली विधायक अनंत पर आरोप तय होना था पर आरोप तय नहीं हो सका। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 13 नवंबर की तारीख तय कर दी है। जानकारी के मुताबिक, बेउर थाने में दर्ज मामले में आज शुक्रवार को बाहुबली विधायक अनंत सिंह, पूर्व सांसद विजय कृष्ण व रीतलाल यादव के ऊपर आरोप का गठन होना था।

### वकीलों की हड़ताल की वजह से चिन्मयानंद की बेल पर सुनवाई टली



शाहजहांपुर। चिन्मयानंद की बेल पर आठ नवंबर को प्रयागराज हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी लेकिन दिल्ली में चल रहे वकील व पुलिस विवाद का असर उनकी जमानत पर होने वाली बहस पर पड़ गया। वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई टल गई। अब 11 नवंबर के बाद ही सुनवाई संभव हो सकेगी। चिन्मयानंद केस में हर रोज कुछ न कुछ डेवलपमेंट सामने आता है। 6 नवंबर को रंगदारी मांगने की आरोपी छात्रा की जमानत टल गई। अब 29 को बेल पर सुनवाई होगी।

## चिंतन

# एसपीजी सुरक्षा हटाने पर इतना हल्ला क्यों

एसपीजी देश का सबसे सशक्त सुरक्षा घेरा है। यह ऐसी सशस्त्र सेना है जो प्रधानमंत्री और पूर्व प्रधानमंत्रियों सहित उनके उस समय के निकटतम परिवार के सदस्यों को सुरक्षा प्रदान करती हैं। इसकी स्थापना इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1988 में संसद के अधिनियम 4 की धारा 1 (5) के तहत की गई थी। स्पेशल प्रॉटेक्शन ग्रुप की टीम में स्नाइपर्स, बम निरोधक विशेषज्ञ भी होते हैं। ये जवान वीवीआईपी की सुरक्षा में साये की तरह रहते हैं। एसपीजी कमांडो के पास अत्याधुनिक रायफल्स, अंधेरे में देख पाने वाले चश्मे, संचार के कई अत्याधुनिक उपकरण, बुलेटप्रूफ जैकेट, ग्लब्स, कोहनी और घुटनों पर लगाने वाले गार्ड भी होते हैं। जिस वाईआईपी को इसकी सुरक्षा मिलती है, उसे इसके नियमों का भी पालन करना होता है। सबसे पहला नियम तो यही है कि जिसे सुरक्षा कवर मिला है, उसे हर वक्त एसपीजी टीम को अपने साथ रखना होगा, भले ही वह विदेश प्रवास पर ही क्यों न हो। देश में यह सुरक्षा कवर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गांधी परिवार के ही तीनों सदस्यों सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को मिला हुआ है, लेकिन इसे विडंबना ही कहेंगे कि गांधी परिवार के सदस्य विशेषकर राहुल गांधी ने अपने विदेश दौरों के दौरान एसपीजी को साथ ले जाना तो दूर उसे इसकी सूचना तक देना जरूरी नहीं समझते। राहुल जब भी विदेश जाते हैं तो उसकी सुरक्षा में लगी एसपीजी टीम हवाई अड्डे से वापस आ जाती है। राहुल गांधी अब भी विदेश में हैं और उनके साथ एसपीजी टीम नहीं गई है। लगातार 30 बार ऐसा हो चुका है कि गांधी परिवार के सदस्य विदेशी दौरों पर गए, लेकिन एसपीजी को इसकी जानकारी तक नहीं दी। जब पिछली बार राहुल गांधी बिना एसपीजी के सिंगापुर गए थे तो बाकायदा गृह मंत्रालय ने उन्हें नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के जवाब में उन्हें एसपीजी के नियमों का पालन करने की बात भी कहीं थी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। शुक्रवार को गृह मंत्रालय की उच्च स्तरीय बैठक में सुरक्षा की समीक्षा करने के बाद गांधी परिवार से एसपीजी सुरक्षा कवच वापस लेने का फैसला लिया गया। आलाधिकारियों की बैठक में यह निष्कर्ष निकला कि गांधी परिवार 30 बार बिना एसपीजी के विदेश दौरे के चुका है, उन्हें सुरक्षा का कोई खतरा नहीं है। ऐसे में जेड प्लस की सुरक्षा पर्याप्त होगी। वैसे भी सोनिया गांधी तीन सालों से सक्रिय नहीं हैं, वे लगातार दिल्ली में अपने आवास पर ही रहती है। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी कभी कभार उत्तरप्रदेश का दौरा जरूर करती हैं। राहुल गांधी इस सुरक्षा कवच को साथ रखना ही जरूरी नहीं समझ रहे, ऐसे में उन्हें एसपीजी सुरक्षा देकर देश पैसे को बर्बाद करने का क्या मतलब। देश में अब एसपीजी सुरक्षा केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही मिलेगी। हालांकि कांग्रेस नेता गृह मंत्रालय के इस फैसले के बाद चिल-पौं कर रहे हैं। राशिद अल्वी ने इसे लेकर सरकार पर निशाना साधा है। ऐसा करने से पहले अगर अल्वी एसपीजी के नियमों को पढ़ लेते तो बेहतर होता। नियमों के अनुसार भी गांधी परिवार इसका हकदार नहीं है। जहां तक सियासी प्रश्न है तो तय है कि जैसे-जैसे देश से कांग्रेस का जनाधार सिमट रहा है, वैसे-वैसे कांग्रेस नेताओं का रुतबा भी कम हो रहा है। जब से एसपीजी का गठन हुआ था तभी से गांधी परिवार को यह सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा था। जबकि एसजीपी कानून में ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है। गृह मंत्रालय ने गांधी परिवार से एसपीजी हटाकर नियमों का ही तो पालन किया है। इसी कानून के तहत पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव, एचडी देवेगौड़ा और इंद्रकुमार गुजराल की भी एसपीजी सुरक्षा हटा ली गई थी। तब कांग्रेसियों ने इतना हो-हल्ला क्यों नहीं किया। यहां तक कि जब पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन से एसपीजी सुरक्षा घेरा वापस लिया गया तब वे शांत रहे। इससे साफ है कि इतना सब होने के बाद भी कांग्रेसी परिवार की पूजा-अर्चना तक ही सीमित है।

## व्यंग्य

आलोक पुराणिक

# कामयाबी

बिजनेस स्कूल में कुछ केस-कथाओं, केस-स्टडीज पर काम चल रहा है। हाल में कुछ महत्वपूर्ण केस-कथाएं तैयार हुई हैं। हाजिर हैं उनमें से केस कथा नंबर एक।

सिर्फ लड़ने वाले ही बचेंगे : भारत में मुगलों का शासन था, बहुत मजबूत, अब भी कश्मीर जाओ तो वहां मुगलों द्वारा बनाए गए बगीचे मिलेंगे और अगर सुदूर महाराष्ट्र में औरंगाबाद जाओ तो वहां मुगल औरंगजेब की छाप मिलेगी। औरंगजेब सन 1707 में इस दुनिया में नहीं रहे। औरंगजेब के बाद दिल्ली के तख्त पर कौन कौन आया, किसी को याद नहीं, हां पर यह जरुर याद है कि 1739 में जब नादिरशाह ने जब दिल्ली में लूटमार मचाई थी, तब मुगल मुहम्मदशाह बुरी तरह से हारे थे। मुगल मुहम्मदशाह ने तब नादिरशाह से कहा, मैं राजा मेरे बाप राजा, मेरे बाप के बाप के राजा, उनके भी बाप राजा थे, तुम मुझे नहीं हरा सकते। हम कितनी ही पीढ़ियों से इस देश के राजा है। इस पर नादिरशाह ने हंसते हुए कहा, निकाल अपना कोहनूर।

मैं राजा, मेरे बाप राजा, मेरे बाप के बाप राजा, यह कहते हुए मुहम्मदशाह गिर गए। दिल्ली लुट गई, उनका शासन लुट गया। बाप के राजा होने से बेटे के राजा बनना तो तय हो सकता है, पर उसका राजा बने रहना तय ना होता। आजा को अपने मेहनत, अपने दम और अपने कौशल से ही बना जा सकता है। जैसे अमिताभ बच्चन के बेटे होने से अभिषेक बच्चन को एक्टिंग का काम तो मिल सकता है, लेकिन अभिषेक फिल्म स्टार बनेंगे और बने रहेंगे, यह तय नहीं होता। जैसे बाल ठाकरे के बाद उद्धव ठाकरे के हाथ में शिवसेना की अगुआई आना तय होता है पर अगुआई में शिवसेना की पोजीशन कमजोर होगी या मजबूत, यह तय नहीं होता।

तय सिर्फ यह है कि जिनके पास लड़ने का अभ्यास है, जो संघर्ष कर सकते हैं, वो ही बढ़ेंगे। बाल ठाकरे, अमिताभ बच्चन खुद के संघर्ष के बूते पर पहुंचे जहां भी पहुंचे। नादिर शाह ने संघर्ष किया था, विकट मारधाड़ मचाकर हासिल किया था सब कुछ। नादिर शाह के खिलाफ खड़ा मुहम्मदशाह रोज सिर्फ इस सवाल का जवाब जानने में संघर्षरत होता था कि आज रुखसाना का डांस देखना है या सुलताना का।

शिक्षा : इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि बाप कौन, बाप के बाप कौन, बाप के बाप के बाप कौन, ये सब काम नहीं आता। बाप का नाम बताकर अपना काम न बताकर जीवन यापन करने वालों को एक दिन वो लोग टेकओवर करते हैं, जिनके पास बताने को अपना काम होता है।

जिज्ञासा : ऊपर दर्ज शिक्षा पूरे तौर पर ठीक नहीं है, बड़े बाप के बेटे आम तौर पर कामयाब होते हैं, ऐसा अकसर देखने में आता है।

जिज्ञासा के प्रत्युत्तर में यह केस-कहानी तैयार हुई : एक समय की बात है एक बहुत बड़े कारोबारी थे भारतवर्ष में। उनका कारोबार टेक्सटाइल से लेकर पेट्रोलियम तक फैला। कारोबारी के दो पुत्र थे, एक पुत्र को नढ धंधे दिए गए-टेलीकाम, फाइनेंस वगैरह। दूसरे पुत्र को टेक्सटाइल, केमिकल और पेट्रोलियम जैसे धंधे दिए गए। दोनों एक पिता के पुत्र। दोनों का एक सा बैकग्राऊंड। दोनों ने ही धंधे के गुर अपने कामयाब पिता से सीखे थे। कुछ सालों बाद एक भाई का कारोबार बहुत बड़ा हो गया। जिससे पास टेलीकाम कारोबार नहीं था, उसके पास बड़ा टेलीकाम कारोबार भी हो गया और जिसके पास टेलीकाम कारोबार था, उसने वह भी डुबा दिया। एक तरह से उसका टेलीकाम कारोबार भी उस भाई ने टेकओवर किया, जिसके पास पहले टेलीकाम कारोबार नहीं था। यानी सिर्फ पिता एक होने से कुछ नहीं होता। पिता कौन है यह सवाल प्रासंगिकता खो देता है। असल सवाल सिर्फ यह बचता है कि पिता का नाम न बताओ, अपना काम बताओ।

शिक्षा : इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि पिता का नाम बताकर नहीं, अपना काम बताकर ही सफलता हासिल होती है। वरना पिता ही नहीं, पिता के पिता के पिता के पिता के पिता के बड़े बड़े मुगलिया नाम ऐसे मुहम्मद शाह के पास भी थे, जिसे नादिर शाह ने पटक पटकर पीटा।

# सावरकर के लिए पारदर्शी गांधी



जिरहनामा

कनक तिवारी

9425220737

दक्षिण अफ्रीका में बैरिस्टरी करते, वहां के मूल निवासियों और हिंदुस्तानियों के प्रति अंगरेजी हुकूमत के क्रूर, जंगली और असभ्य बर्ताव का खुद गांधी शिकार हुए। उन्हें पीटर मेरिट्सबर्ग के रेलवे प्लेटफॉर्म पर मुनासिब टिकट होने पर भी प्रथम श्रेणी के डिब्बे से गोरे सार्जेंट ने सामान की तरह फेंक दिया था। यही वह काल क्षण था जिसमें गांधी की पराजित और हताश दीखती निगाह में इतिहास को चुनौती का संकल्प दिखा कि उसने स्वतंत्रता के नियामक मूल्यों का उद्भव, तेवर और वजूद पढ़ने के लिए गोरा चश्मा उतारकर गांधी में मनुष्य होने की दृष्टि विकसित कर ली।

विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न देने का ऐलान सरकार के इरादे और बहुमत के कारण लागू तो हो सकता है। सावरकर ने ही हिन्दू धर्म की एकल ऐंद्रिकता के 'हिंदुत्व' शब्द का आविष्कार किया। युवावस्था में ही मिली त्रासदायक जेल यातनाओं के कारण बर्बर गोरी हुकूमत को लगातार माफीनामे लिखकर कैद से बरी होकर आजादी के कई बरस बाद तक बर्तानवी हुकूमत के प्रति प्रतिबद्धता और खिलाफत तथा आलोचना से बचते रहने का आरोप भी उन पर लगाया जाता है। इस विवाद से हटकर गांधी के 150 वें जन्मवर्ष में राष्ट्रपिता की सयानी बुद्धि की नजर से सावरकर की भूमिका और उनके विचारों के असर को तटस्थ भाषा में समझना सार्थक होगा। गांधी की हत्या को लेकर सावरकर पर लगा आरोप सिद्ध नहीं भी हो पाया था।

दक्षिण अफ्रीका में बैरिस्टरी करते, वहां के मूल निवासियों और हिंदुस्तानियों के प्रति अंगरेजी हुकूमत के क्रूर, जंगली और असभ्य बर्ताव का खुद गांधी शिकार हुए। उन्हें पीटर मेरिट्सबर्ग के रेलवे प्लैटफॉर्म पर मुनासिब टिकट होने पर भी प्रथम श्रेणी के डिब्बे से गोरे सार्जेंट ने सामान की तरह फेंक दिया था। यही वह काल क्षण था जिसमें गांधी की पराजित और हताश दीखती निगाह में इतिहास को चुनौती का संकल्प दिखा कि उसने स्वतंत्रता के नियामक मूल्यों का उद्भव, तेवर और वजूद पढ़ने के लिए गोरा चश्मा उतारकर गांधी में मनुष्य होने की दृष्टि विकसित कर ली। 1909 में गांधी इंग्लैंड में रह रहे कुछ भारतीयों द्वारा हथियारों से अंगरेजी सल्तनत को हटाने की हिंसात्मक लगती चुनौतियों तथा बर्तानवी हुकूमत की जवाबी वहशी हरकतों के मद्देनजर कशिश की ओढ़ी हुई भूमिका लेकर गए।

श्यामजीकृष्ण वर्मा और सावरकर सहित कई हिंसक-क्रांति समर्थक भारतीयों से एक सभा में हिंदुओं के आराध्य राम के जीवन के मूल संदेश को खोजती बहस हुई। राक्षसों की हिंसा तक सीमित नहीं करके लोकतंत्र के आदर्श आयामों के आधार पर रामराज्य स्थापित करने की बात गांधी ने सावरकर की सम्मान सभा में कही। सभा की अध्यक्षता करने और कोई तैयार नहीं था। अंगरेज हुक्कामों से भी बहस मुबाहिसे में गांधी को नाउम्मीदी मिली। खिन्न और निराश गांधी ने अंतर में अकुलाते कड़वे पराजित अवसाद को बुद्धिजीविता की रचनाशीलता में मुखर किया। दक्षिण अफ्रीका लौटते 13 नवंबर से 22 नवंबर तक एस0एस0 किल्डोनन कैसल नामक पानी के जहाज पर गुजराती में 'हिन्द स्वराज्य' बीजग्रंथ दोनों हाथों का उपयोग करते लिख डाला। भारत सहित पूरी दुनिया के लिए राजनीतिक फलसफा के फलक को वह पुस्तिका नायाब, मौलिक, अनोखी और विचारोत्तेजक देन हुई।

सावरकर से प्रेरित हमउम्र युवा मदनलाल धींगरा ने अंगरेज अधिकारी कर्नल वाइली की लंदन में सरेआम हत्या कर दी। सावरकर पर कुछ और क्रांतिकारियों के लिए फ्रांस से जुगाड़कर हथियार भेजने का आरोप भी लगा था। इस पर गांधी का लिखा विवरण इस तरह है ''वे काफी समय तक लन्दन में रहे। यहां उन्होंने भारत



की आजादी के लिए एक आन्दोलन चलाया। वह एक वक्त में ऐसी हालत में पहुंच गया कि सावरकर पेरिस से भारत को बन्दूकें आदि भेजने लग गए थे। पुलिस की निगरानी से भाग निकलने की उनकी सनसनी फैला देने वाली कोशिश और जहाज के झरोखे से उनका फ्रांसीसी समुद्र में कूद पड़ना भी हुआ। नासिक के कलेक्टर श्री ए.एम. टी. जैक्सन की हत्या के सिलसिले में उन पर यह आरोप लगाया गया था कि जिस पिस्तौल से जैक्सन की हत्या की गई, वह सावरकर द्वारा लन्दन से भेजी गई पिस्तौलों में से एक थी।......सन् 1857 के सिपाही विद्रोह पर उन्होंने एक पुस्तक भी लिखी, जो जब्त कर ली गई है। सन् 1910 में उन पर मुकदमा चलाया गया और 24 सितम्बर, 1910 को उन्हें वही सजा दी गई जो उनके भाई को दी गई थी। सन् 1911 में उन पर लोगों को हत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया। लेकिन इनके विरुद्ध भी किसी प्रकार की हिंसा का आरोप सिद्ध नहीं हो पाया।....'' यह अलग बात है कि इसके बाद सावरकर ने माफीनामे लिखकर अंगरेज सल्तनत से अपनी रिहाई मांगी। उन्हें अंततः कठिन जेल सजा से 1921 और 1924 में निजात भी मिली।

राजनीतिक घटनाक्रम जनयुद्ध के योद्धा गांधी की माइक्रोस्कोपिक और टेलीस्कोपिक नजरों से ओझल नहीं होता था। 1915 में गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे। तिलक के 1920 में निधन के बाद गांधी कांग्रेस के सर्वमान्य नेता हो गए। कभी कभी पार्टी की सदस्यता और पद पर नहीं रहकर भी कांग्रेस के सलाहकार की भूमिका में सक्रिय गांधी का फैसला संगठन को अमूमन कुबूल होता था। बावजूद काफी अरसा तक ब्रिटिश हुकूमत द्वारा सावरकर को नहीं छोड़ने को लेकर गांधी ने राजनीतिक सयानेपन, संवैधानिक प्रतिबद्धता और भविष्यमूलक इशारों में एक इबारत यंग इंडिया में 26 मई 1920 को लिखीः ''दोनों भाइयों ने अपने राजनीतिक विचारों का खुलासा कर दिया है। दोनों ने कहा है उनके मन में किसी प्रकार के क्रान्तिकारी इरादे नहीं हैं। अगर उन्हें छोड़ दिया गया तो वे 1919 के रिफॉर्म्स आदेशों के तहत काम करना पसन्द करेंगे। उनका खयाल है इस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1919 के तहत सुधारों से लोगों के लिए इस तरह का काम करना सम्भव हो जाता है जिससे भारत को राजनीतिक जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। दोनों ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि वे ब्रिटिश रिश्तों से अलहदा नहीं होना चाहते। इसके बरक्स उन्हें लगता है कि भारत की किस्मत ब्रिटेन के साथ रहकर ही सबसे अच्छी तरह गढ़ी जा सकती है। किसी ने भी उनकी बेबाक बयानी या ईमानदारी पर शक नहीं किया है। मेरा ख्याल है कि उन्होंने जो इरादे सार्वजनिक किए हैं, उन्हें ज्यों का त्यों सही मान लेना चाहिए। मेरे ख्याल से जो बात इससे भी बड़ी है वह यह है कि आज बेखटके कहा जा सकता है कि इस समय भारत में हिंसावादी विचारधारा के मानने वालों की संख्या बहुत कम है।''

अंगरेजों की नीयत, कानूनों की मंशा और भारतीय संघर्षकथा में सावरकर की भूमिका तथा सजा को लेकर इतिहास की नजर से गांधी हर मकड़जाल निकाल देते हैं। सरल हृदय लेकिन कम्प्यूटरनुमा दिमाग के गांधी दो टूक कहते हैं सावरकर बंधुओं ने ब्रिटिश हुकूमत को बिना शर्त समर्थन दिया। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1919 को सुधार कानूनों के नाम पर अंगरेजों ने भारतीयों की आजादी की मुश्कें बांधने के लिए बदनीयती से लादा था। इसके समानान्तर गांधी मनुष्य की स्वायत्तता और उसकी आजादी पर किसी भी तरह की गैरकानूनी सरकारी बंदिश लगाए जाने की गुलाम भारत में भी संवैधानिक भाषा में मुखालफत करते हैं। यह रेखांकित है वह भले ही सावरकर बंधुओं की कथित हिंसात्मक गतिविधियों को लेकर ही क्यों नहीं रहा। (क्रमशः)

# सकारात्मक सोच से बदलता जीवन



संकलित

दर्शन

जीवन में सकारात्मक सोच से जीवन बदल जाता है। एक बार तुम जान जाओ कि तुम भाग्यवान हो तब सब असुरक्षा की भावनाएं गायब हो जाएंगी। जीवन 80 प्रतिशत आनंद है और 20 प्रतिशत दुःख। पर हम उस 20 प्रतिशत को पकड़े रहते हैं और उसे 200 प्रतिशत बना देते हैं! ये जानबूझ कर नहीं किया जाता, बस हो जाता है। इस संसार में सब कुछ हमेशा सम्पूर्ण नहीं होता। यहाँ तक कि श्रेष्ठतम, महत्तम कार्य जो उत्कृष्ट इरादों से किया गया हो, उसमें भी कुछ त्रुटियाँ होंगी, बहुत स्वाभाविक है। लेकिन अगर तुम श्रद्धा में टिके हुए हो तो तुम जीवन में उन्नति करोगे और संसार में समभाव बनाए रखोगे। अगर तुम्हारी श्रद्धा गहरी है तो और सब चीज़ें अपने आप चलेंगीं। भौतिक दुनिया में श्रद्धा का महत्त्व और भी स्पष्ट हो गया है क्योंकि ये व्यक्ति को आत्मघाती प्रकृति से बचाता है और किसी चीज़ के कारण को प्रकट से परे देखने में मदद करता है। जब जीवन का आधार श्रद्धा हो, तब व्यक्ति बदले और नफ़रत की भावना में उलझे रहने की बजाय तत्वज्ञान का अनुसरण करता है। प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्धता ज़रूरी है। जीवन की सभी बातें, छोटी हों या बड़ी, प्रतिबद्धता पर ही चलतीं हैं, अक्सर हम ऐसा सोचते हैं कि पहले हमरे पास साधन हों उसके बाद हम वचनबद्ध होंगे। जितनी महान वचनबद्धता तुम लोगे उतने ही महान साधन तुम्हें प्रदान होंगे। ये प्रकृति का नियम है।

# श्रद्धा से मिलता सामर्थ्य



संकलित

प्रेरणा

मानव जाति कठिन समय से गुज़र रही है। बढ़ते हुए तनाव के स्तर, आतंकवादी हमले, पर्यावरण प्रदूषण के साथ खतरे हर दिशा में छुपे हुए हैं। जब समय बुरा होने लगे, हमें अपनी श्रद्धा ताज़ा करनी चाहिए। श्रद्धा ही मनुष्य को कठिन समय से बाहर खींच लाती है। ये कई प्रकार से छुपी हुई हिम्मत और व्यक्ति का सामर्थ्य बाहर ले आती है। कठिन समय से गुजरने के लिए जो दूसरी चीज़ चाहिए वो है शांत मन। जब मन शांत हो और तुम केन्द्रित हो, तब किसी भी परिस्थिति का सामना करना बहुत आसान हो जाता है। इसके लिए तुम्हें मन को वर्तमान क्षण में रहने की और तनाव को छोड़ने की थोड़ी सी शिक्षा देनी होगी। ये साँस पर ध्यान देने से हो सकता है। भीतर की शांति को अपनी श्रद्धा के साथ जोड़ दो तब किसी भी परिस्थिति का सामना करने का फार्मूला तुम्हारे हाथ आ जाएगा। श्रद्धा होना मतलब इस बात को समझना कि, ईश्वर का संरक्षण तुम्हारे साथ है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए इतनी श्रद्धा काफी है। फसल काटने के समय किसान एक बड़ी सी छलनी लेकर सारी फसल उसमें डाल देता है इसके बाद एक ऊँचे मचान पर खड़ा हो जाता है और छलनी को हिलाने लगता है। छिलके हवा में उड़कर कहीं खो जाते हैं अनाज ज़मीन पर गिरकर वहीं रह जाते हैं। अगर तुम्हारी श्रद्धा हिल जाती है और ऐसा बार-बार होता है तो ये बिलकुल उन छिलकों के सामान है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### त्यौहारों में छलके उत्साह

एक समय त्योहार का नाम सुनकर ही शहरों व गांवों में एक सप्ताह पहले तैयारियां शुरू हो जाती थीं और एक समय आज का है, जिसमें त्योहार का पता इसके हो जाने के बाद चलता है। आज लोग समय का बहाना बनाकर उत्सवों से दूर होते जा रहे हैं तथा दिन-प्रतिदिन इस तरह के उत्सव सिमटते जा रहे हैं। इस का उदाहरण दिवाली, होली जैसे कई त्यौहारों में हम देखते हैं। इन त्यौहारों में खेलने वालों की न पहले जैसी टोलियां होती हैं, न ही इस तरह के पकवान बनाए जाते हैं, जो पहले कभी बनते थे। आज जरूरत है इस प्रकार के तीज-त्योहारों को मिलजुल कर मनाने की, ताकि आपसी भाईचारा कायम रह सके। - शर्मिला चौहान

## ट्रेंड

### सशक्त भारत



भारत को सशक्त बनाने के लिए, विशेषकर महिलाएं हमारे कार्यकाल के सबसे संतोषजनक प्रयासों में से एक हैं। उसका श्रेय भारत के लोगों को जाता है जिन्होंने आंदोलनों से उसे सशक्त बनाया और परिवर्तन को गति दी।

-नरेंद्र मोदी

### ओटीपी आएगा



रेलवे ने अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुक किये जाने वाले ई-टिकट के कैंसिल होने की व्यवस्था को ओओपी आधारित रिफंड से जोड़ा है। कैंसिल होने या वेटिंग में रह जाने पर यात्री के मोबाइल पर ओटीपी भेजा जाएगा। जिससे वे रिफंड ले सकेंगे।

-पीयूष गोयल

### सशस्त्र बलों का सम्मान



हम सभी के मन में अपने सशस्त्र बलों के लिए बहुत प्रशंसा, प्यार और सम्मान है और इसे प्रदर्शित भी करते हैं। विजयादशमी पर पश्चिम बंगाल के चंदननगर में जगधात्री पूजा जुलूस का अद्भुत वीडियो देखकर अपने सैनिकों के प्रति सम्मान और बढ़ गया। -सचिन तेंदुलकर

### किसान हो सुरक्षित



किसान खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण दोनों के लिए समाधान के केंद्र हों। निजी भूमि पर निर्जन लकड़ी की खेती जैसी नीतियों से किसानों को सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे जंगलों का भयानक व्यावसायिक शोषण भी समाप्त होगा।

-सदगुरु

## करंट अफेयर

# 'ग्रीन कार्ड' को लेकर निर्धारित सीमा हटाने की अपील...



**वाशिंगटन।** भारतीय समुदाय के एक शीर्ष थिंक टैंक ने अमेरिकी सीनेट से वह लंबित विधेयक पारित करने की अपील की है जिसमें ग्रीन कार्ड या कानूनी स्थायी निवास दस्तावेज जारी करने को लेकर देशों के लिए निर्धारित सीमा हटाने की बात की गई है। थिंक टैंक का कहना है कि ऐसा नहीं किए जाने के कारण अमेरिका से प्रतिभाशाली लोग बाहर जा रहे हैं और इसका अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। 'फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस)' ने अमेरिकी सीनेटरों को सौंपे गए एक नीति पत्र में कहा कि देश के आधार पर संख्या निर्धारित होने के कारण स्थायी निवास के आवेदनों को आगे बढ़ाने में अत्यधिक देरी होती है जिससे अमेरिका को राजस्व का नुकसान होता है और वह बाजार में नेतृत्व और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त से पीछे रह जाता है। एफआईआईडीएस ने कहा कि काम के आधार पर आव्रजन अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उचित प्रतिभा को आकर्षित करने का अच्छा तरीका है लेकिन स्थायी निवास की प्रक्रिया में देश के आधार पर सीमा संबंधी वार्षिक नियमन इसे रोक रहा है।

## ऑफ बीट

# एनआरआई की पत्नियां कर रहीं समाज सेवा



**सिंगापुर।** सिंगापुर में रह रहे भारतीय प्रवासियों की पत्नियां यहां समाज को एकजुट करने के लिए कई सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियां चला रही हैं। भारतीय मूल के कार्यकारियों की जीवनसाथी सिंगापुर के बाहर भी वैश्विक संपत्ति और उद्योगों का भी प्रबंधन कर रही हैं और परिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के बाद बचे समय में सामाजिक कार्य कर रही हैं। सामाजिक कार्य वर्ष 1997 में स्थापित 'भारतीय महिला संघ (आईडब्ल्यूए) के जरिये किए जा रहे हैं। आईडब्ल्यूए की अध्यक्षा अनुराधा श्रॉफ ने कहा, 'हम अपने कार्यक्रमों के जरिये समाज को कुछ दे हैं, जो हमें देना चाहिए। साल में दो बार बाजार लगाकर हम कोष एकत्र करते हैं और इससे होने लाभ का इस्तेमाल स्थानीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के छात्रों के वित्तपोषण, भारत से आने वाले अस्थायी कामगारों के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठन की मदद कर और संस्कृति, समुदाय एवं युवा मंत्रालय की ओर से की गई पहल में भागीदारी पर करते हैं।' साईबेस इंडिया में वित्तीय नियंत्रक रहीं और अब आईडब्ल्यूए के सामाजिक कार्यक्रम में पूर्णकालिक स्वयंसेवी अनुराधा श्रॉफ ने बताया कि आईडब्ल्यूए के कुल 325 सदस्यों में अधिकतर गृहणियां है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# तीन साल पहले की गई नोटबंदी पर बोलीं कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी

# मोदी सरकार के 'तुगलकी फरमान' को न भूलने देंगे, न ही माफ करने देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मोदी सरकार के तीन साल पहले आज ही के दिन लिये गये नोटबंदी के फैसले को 'तुगलकी फरमान' बताया और कहा कि इससे कई लोगों की आजीविका छिन गई। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि देश मोदी सरकार के इस फैसले को न तो कभी भूले और न ही इसके लिए उसे कभी माफ करे। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों ने इस गलत फैसले की कभी जिम्मेदारी नहीं ली जिसने 120 से अधिक लोगों की जान ले ली और यह भारत के मध्यम और छोटे व्यापार को तबाह करने वाला साबित हुआ। गांधी ने एक बयान में कहा मोदी सरकार इस ऊटपटांग और बिना सोचे समझे उठाये गए कदम की जिम्मेदारी से बचने का चाहे जितना भी प्रयास कर ले, देश की जनता यह सुनिश्चित करेंगी कि इसके लिये उसे जवाबदेह ठहराया जाये। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों ने 2017 के बाद नोटबंदी के बारे में बोलना बंद कर दिया है और वह उम्मीद कर रहे हैं कि देश इसे भूल जाएगा। यह उनके लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि न तो देश और न ही इतिहास इसे भूले या माफ करे। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा के उलट हम 'राष्ट्र हित' में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि नोटबंदी संभवतः भाजपा के बिना सोचे समझे शासन मॉडल का सबसे सटीक प्रतीक है।





## आरबीआई के मुख्यालय के बाहर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली.ब्यूरो।** नोटबंदी की तीसरी साल गिराह के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी)ने भारतीय रिर्जव बैंक (आरबीआई) के मुख्यालय नई दिल्ली के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरूआत आईवाईसी मुख्यालय 5 रायसीना मार्ग दिल्ली से शुरू हुआ। प्रदर्शनकारियों ने नोटबंदी को लेकर मोदी सरकार पर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी साथ में एटीएम मशीन का प्रतीक पुतला लाए थे।

## वित्त मंत्रालय के पूर्व अधिकारी का दावा : 2000 रुपये के नोट की हो रही जमाखोरी



नई दिल्ली। नोटबंदी की तीसरी वर्षगांठ पर आर्थिक मामलों के पूर्व सचिव एस . सी . गर्ग ने कहा कि 2,000 रुपये के नोट को बंद कर देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि 500 और 1000 रुपये के पुराने नोट की जगह लाए गए 2,000 रुपये के नोट की जमाखोरी की जा रही है और इसे बंद कर देना चाहिए।

## नोटबंदी व्यर्थ कदम था: ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि 2016 में आज के दिन सरकार द्वारा उठाया गया नोटबंदी का कदम पूरी तरह से निरर्थक था और इससे देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। नोटबंदी के तीन साल पूरे होने पर ममता बनर्जी ने कहा कि उन्हें शुरू से ही पता था कि इस फैसले से लाखों लोगों का जीवन बर्बाद हो जाएगा।

## नोटबंदी 'आतंकी हमला' था, इसके जिम्मेदार लोगों को अब तक सजा नहीं मिली है : राहुल



नोटबंदी के तीन साल पूरे होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर शुक्रवार को हमला बोला और नोटबंदी को आतंकी हमला करार देते हुए कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को अब तक सजा नहीं मिली है। आठ नवंबर 2016 को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए 500 और 1,000 रुपये के नोटों के प्रचलन से बाहर किए जाने की घोषणा की थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने ट्वीट किया नोटबंदी आतंकी हमले को तीन साल गुजर गए हैं जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया, कई लोगों की जान ले ली।

## गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटाए जाने पर कांग्रेस भड़की, शाह के घर के बाहर किया प्रदर्शन



नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटाने का फैसला किया है। इसके खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे (सरकार) सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार सोनिया गांधी , राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की एसपीजी सुरक्षा हटाई जाएगी। हालांकि उनको जेड प्लस सुरक्षा दी जाएगी। जानकारी के मुताबित केंद्र सरकार ने सभी एजेंसियों के इनपुट के आधार पर यह फैसला लिया है। वहीं गांधी परिवार के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांधी परिवार को अब तक इसकी जानकारी नहीं मिली है। हाल ही में केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सुरक्षा हटाई गई थी। अब पूरे देश में सिर्फ पीएम मोदी के पास ही एसपीजी का सुरक्षा कवच रह जाएगा। गौरतलब है कि इंदिरा गांधी की उनके सुरक्षा गार्डों द्वारा हत्या करने के बाद प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए साल 1985 में एसपीजी की स्थापना की गई थी। साल 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद एसपीजी एक्ट में संशोधन किया गया और इसमें पूर्व प्रधानमंत्री और उनके परिवार को अगले 10 साल तक एसपीजी सुरक्षा देने का प्रावधान किया गया। साल 2003 में वाजपेयी सरकार में इस एक्ट में संशोधन किया गया और वह दस साल की सीमा को एक साल कर दिया गया। इसके साथ ही यह भी प्रावधान किया गया कि खतरे को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार सुरक्षा की समय सीमा तय करेगी।

## खबर संक्षेप

### पारिवारिक समस्या और बीमारी भारत में आत्महत्या की सबसे बड़ी वजहें: एनसीआरबी

**नई दिल्ली।** भारतीयों के आत्महत्या करने की सबसे बड़ी वजहों में शादी से इतर पारिवारिक समस्याएं और बीमारी है। यहां शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह बात सामने आयी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2015 के मुकाबले 2016 में राष्ट्रीय स्तर पर खुदकुशी की दर में कमी आई है। वर्ष 2015 में प्रति एक लाख आबादी पर आत्महत्या की दर 10.6 थी जो 2016 में घटकर 10.3 प्रति एक लाख आबादी पर आ गई है। हालांकि, राष्ट्रीय दर 10.3 के मुकाबले 2016 में शहरों में खुदकुशी की दर 13.0 दर्ज की गई। इस संबंध में एनसीआरबी के आंकड़ों को उद्धृत करते हुए जारी बयान में कहा गया आत्महत्या की सबसे बड़ी वजहों में विवाह से इतर पारिवारिक समस्याएं रहीं जिसकी हिस्सेदारी कुल आत्महत्या में 29.2 फीसदी है।

### छात्रों की आत्महत्या के मामलों के बाद जवाहर नवोदय विद्यालयों में 1,100 परामर्शदाताओं की भर्ती

**नई दिल्ली।** जवाहर नवोदय विद्यालयों में छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं के बाद देशभर में इन आवासीय विद्यालयों में 1,100 से अधिक परामर्शदाताओं की भर्ती की गयी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने देशभर में जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) के लिए 1,176 परामर्शदाताओं की भर्ती की है। जेएनवी में 2013-17 में कुल 49 छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। एचआरडी मंत्रालय ने इस साल की शुरुआत में छात्रों द्वारा आत्महत्या की घटनाओं की जांच करने के लिए एक समिति गठित की थी। समिति की सिफारिशों पर इन स्कूलों के कामकाज की निगरानी करने वाली एनवीएस ने परामर्शदाताओं के लिए अनुबंध पर नियुक्तियों का विज्ञापन दिया था। एनवीएस के एक अधिकारी ने बताया कुल 1,176 परामर्शदाताओं की भर्ती की गयी है।

### मोबाइल के आईएमईआई नंबर बदलने वाला दुकानदार गिरफ्तार



**जबलपुर।** जबलपुर पुलिस की साइबर शाखा ने विभिन्न मोबाइल धारकों से 125 मोबाइल फोन बरामद किये हैं जो एक ही इंटरनेशनल मोबाइल इक्यूपमेंट आईडेन्टी (आईएमईआई) नंबर से चल रहे थे। मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर बदलने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिरीक्षक विवेक शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि सूचना मिली थी कि जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कुछ मोबाइल बेचने वाले दुकानदारों द्वारा चोरी के मोबाइल फोन का आईएमईआई नंबर बदलने का अवैध कारोबार किया जा रहा है।

### नई प्रणाली बिजली गिरने से आधे घंटे पहले लगा सकेगी पूर्वानुमान


लंदन। वैज्ञानिकों ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) या एआई से जुड़ी एक सरल और सस्ती प्रणाली विकसित की है जिससे किसी क्षेत्र में 30 किलोमीटर के दायरे में कहीं पर बिजली गिरने का पूर्वानुमान आधा घंटा पहले लगाया जा सकता है। आकाशीय बिजली गिरने की घटना का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता। इससे लोगों और मवेशियों की जान जाने के साथ ही घरों और जंगलों में आग का भी डर होता है। बिजली गिरने के कारण विमानों को उतारना पड़ता है, बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। हालांकि स्विट्जरलैंड में इकोल पॉलीटेक्निक फेडरल डि लौसाने के अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि इस बारे में अभी तक कम जानकारी है कि बिजली बनती कैसे है और इस बात का पूर्वानुमान लगाने के लिए कोई आसान तकनीक नहीं है कि बिजली कब और कहां गिरेगी।

## सीबीआई ने वसूली के आरोप में अपने ही अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया




**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुजरात के एक कारोबारी से पांच करोड़ रुपये की कथित तौर पर वसूली करने आरोप में अपने ही एक अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अधिकारी ने प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग की कार्रवाई की धमकी देकर कारोबारी से यह वसूली की। उन्होंने बताया कि आरोपों की प्रारंभिक जांच के बाद एजेंसी ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि आरोप है कि गांधीनगर में उस वक्त बतौर इंस्पेक्टर तैनात सुनील नायर ने कारोबारी शैलेश भट्ट से धन वसूली के लिए पिछले साल फरवरी में किरीट मधुभाई पलाडिया के साथ मिल कर आपराधिक साजिश रची। एजेंसी ने आरोप लगाया कि नायर ने पांच फरवरी, 2018 को भट्ट को सीबीआई के गांधीनगर कार्यालय में बुलाया और बिटकॉइन के जरिए "काला धन कमाने" के लिए ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई की कथित धमकी दी।

## केबीसी में पूछे गए सवाल में शिवाजी महाराज के संदर्भ पर विवाद




**मुंबई।** सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति में छत्रपति शिवाजी महाराज के संदर्भ में पूछे गए एक सवाल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है और आरोप लगाए जा रहे हैं कि इस सवाल से, 17वीं शताब्दी के मराठा योद्धा का अपमान हुआ । भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के विधायक नितेश राणा ने शिवाजी महाराज के संबंध में दिए गए अपमानजनक संदर्भ के लिए शुक्रवार को माफी की मांग की। राणे ने कहा सोनी केबीसी 10 ने भाषा की दृष्टि से अपमानजनक एकवचन में उनका (शिवाजी महाराज) नाम लेकर उनका अपमान किया है। इसके लिए जल्द से जल्द माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा अगर उन्होंने माफी मांगने में देरी की तो कार्यक्रम को आगे चलने के लिए कोई लाइफ लाइन नहीं मिलेगी। यह विवाद उस समय खड़ा हुआ जब कार्यक्रम के प्रस्तोता अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मुगल शासक औरंगजेब के समकालिकों के बारे में एक सवाल पूछा। चार विकल्पों में छत्रपति शिवाजी का उल्लेख शिवाजी के तौर पर किया गया था जबकि अन्य विकल्प महाराणा प्रताप, राणा सांगा और महाराजा रंजीत सिंह थे।

### छात्रा से बलात्कार तथा प्रेमी की हत्या का मामला

## उच्चतम न्यायालय ने दोषी की मौत की सजा पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के थेनी जिले में कालेज की छात्रा से बलात्कार और उसकी तथा उसके प्रेमी की हत्या के दोषी की मौत की सजा के अमल पर शुक्रवार को रोक लगा दी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने मौत की सजा पाये कैदी कट्टावेल्लै उर्फ दिवाकर की अपील विचारार्थ स्वीकार करते हुये उसकी सजा के अमल पर रोक लगायी। दिवाकर ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के 13 मार्च के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमे उसकी मौत की सजा बरकरार रखने के निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखा गया था।

## आस्था...



बोधगया में शुक्रवार को महा बोधि मंदिर में श्रीलंकाई भक्त विशेष पूजा अर्चना करते हुए।

## भूपेश बघेल के दिल्ली में प्रदर्शन को लग सकता है ग्रहण

### टाइमिंग को लेकर केंद्रीय गृहमंत्रालय सतर्क

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



■ मंदिर-मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का आना है फैसला, माहौल रहेगा गरम

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समूची कैबिनेट के लावलश्कर समेत 13 तारीख को रायपुर से दिल्ली कूच करने की योजना बनाई है। धान खरीदी को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने की योजना भले ही सियासी रूप से छत्तीसगढ़ की सरकार और कांग्रेस पार्टी को भा रही हो लेकिन इस आंदोलन की टाइमिंग को लेकर केंद्रीय गृहमंत्रालय सतर्क हो गया है। टीम-बघेल के सड़क मार्ग से महाराष्ट्र, मप्र और यूपी होते हुए दिल्ली पहुंचने की 15 को संभावना है। 15 नवंबर से लेकर 17 नवंबर के बीच ही सुप्रीम कोर्ट का राम मंदिर पर फैसला आना है। ज्यादा उम्मीद जताई जा रही है कि 15 को शुक्रवार के दिन सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई फैसला सुना देंगे। चूंकि उसके बाद शनिवार और रविवार अवकाश का दिन है। रविवार को ही चीफ जस्टिस रिटायर हो रहे हैं। गृहमंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार और उनके समर्थकों अगर रायपुर से दिल्ली 15 को पहुंचे तो समूह में उन्हें दिल्ली में घुसने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## कैबिनेट सचिव की बैठक में अधिकारियों ने दिया प्याज की कीमतों को काबू में करने का भरोसा

**नई दिल्ली.ब्यूरो।** सरकार देश में प्याज की उपलब्धता बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी कर रही है। जल्द ही न केवल बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ जाएगी बल्कि कीमतों कसे भी भी पूरी तरह नियंत्रित कर लिया जाएगा। यह आश्वासन कैबिनेट सचिव की बैठक में अधिकारियों ने दिया। कैबिनेट सचिव राजीव गौबा के साथ हुई समीक्षा बैठक में उपभोक्ता मामले के सचिव ने बताया कि देश में प्याज की कीमतों पर नियंत्रण करने के लिए गत 29 सितम्बर से इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। व्यापारियों और खुदरा व्यापारियों के लिए स्टॉक की सीमा तय की जा चुकी है।

### ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के तटों से टकराएगा चक्रवात 'बुलबुल'

# स्कूल-कॉलेजों में 2 दिनों की छुट्टी एसडीआरएफ की टीमें मुस्तैद

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

चक्रवात बुलबुल के ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों से शनिवार सुबह टकराने की आशंका है। इसे देखते हुए ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को आठ जिलों के स्कूल कॉलेजों में छुट्टी की घोषणा कर दी। अन्य नौ जिलों में राष्ट्रीय और राज्य आपदा कार्रवाई बल की टीमों को मुस्तैद रखा गया है। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवात के प्रभाव से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कई तटवर्ती स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक तूफान टकराने के बाद हवा की गति 140 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने का अनुमान है। गुरुवार को 'बुलबुल' के प्रभाव क्षेत्र में हवा की रफ्तार 70 से 80 किमी प्रतिघंटे दर्ज की गई, जबकि केंद्र में इसकी गति 90 किमी प्रति घंटे है। एनडीआरएफ के अनुसार काकद्वीप,नामखाना, दिघा, संदेशखली, हावड़ा और हुगली में एक-एक टीमें तैनात की गई हैं। सागर द्वीप पर एनडीआरएफ ने चार टीमों को तैनात किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, सागर द्वीप से टकराने के बाद चक्रवात बुलबुल सुंदरबन की ओर मुड़ जाएगा।

### बंगाल में एनडीआरएफ की 14 टीमें तैनात

प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने शुक्रवार को ओडिशा, बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के मुख्य सचिवों के साथ बैठक की। इसमें प्राकृतिक आपदा से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई। चक्रवात को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में नहीं उतरने की चेतावनी दी गई है। बंगाल में एनडीआरएफ की 14 टीमों को तैनात कर दिया गया है और अतिरिक्त टीमें रवाना कर दी गई है। कोस्ट गार्ड, नौसेना और वायु सेना भी इस आपदा से निपटने के लिए तैयार है।

### मुंबई में और आस-पास के इलाकों में बारिश



मुंबई। चक्रवाती तूफान 'महा' के कमजोर पड़ने के साथ ही शुक्रवार को मुंबई के कई हिस्सों और आस-पास के इलाकों में भारी बारिश हुई। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह मुंबई के घाटकोपर, चेंबूर, सांताक्रूज, बोरिवली, कांदिवली और मलाड उपनगर भारी बारिश से प्रभावित रहे। कुछ स्थानों पर बिजली और गरज के साथ बौछारें पड़ीं। जिला आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे और पालघर जिलों के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश हुई। ठाणे और पालघर जिलों के निचले इलाकों में जलभराव हो गया था।

## पंजाब में धान की रोपाई पहले करने से वायु गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलेगी :एनजीटी




■ रोपाई की तारीख बदलकर 20 जून करने से भूजल बचाने में मदद मिलेगी और पराली जलाने से होने वाला वायु प्रदूषण रुकेगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने पंजाब में धान की रोपाई एक सप्ताह पहले करने की राज्य सरकार की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर आदेश देने से इनकार कर दिया और कहा कि इससे अगली फसल के लिए ज्यादा समय मिलेगा तथा वायु की गुणवत्ता में सुधार होगा। राज्य सरकार ने चार जून की अधिसूचना में अनेक किसान संगठनों के अनुरोध पर धान की रोपाई की तारीख 20 जून से 13 जून कर दी थी। किसान संगठन देर से रोपाई के कारण फसल में नमी का स्तर बढ़ने की शिकायत कर रहे थे। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की पीठ ने कहा यह तथ्य है कि तारीख पहले करने से अगली फसल के लिए और समय मिलेगा तथा वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। उपरोक्त के मद्देनजर हम आगे कोई आदेश जारी करने का कोई आधार नहीं देखते। हालांकि एक समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि रोपाई की तारीख बदलकर 20 जून करने से भूजल बचाने में मदद मिलेगी और पराली जलाने से होने वाला वायु प्रदूषण रुकेगा। एनजीटी द्वारा गठित समिति में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि तथा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय एवं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एक-एक वैज्ञानिक शामिल हैं।

ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशंस प्रोवाइडर एसोसिएशन ने पेश की रिपोर्ट

# नकली उत्पादों से हर साल लगता है एक हजार अरब रुपये का चूना

**नई दिल्ली।** नकली उत्पादों के कारण घरेलू अर्थव्यवस्था को हर साल करीब एक हजार अरब रुपए यानी 14.70 अरब डॉलर के राजस्व का नुकसान होता है। प्रमाणन संबंधी समाधान मुहैया कराने वाली स्वयंसेवी संस्था 'ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशंस प्रोवाइडर एसोसिएशन (एएसपीए)' ने उत्पादों की जालसाजी को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं में यह जानकारी दी है। दवा हो या दारू, मिठाइयां हों या पेय पदार्थ, कपड़े-जूते हों या इलेक्ट्रिक उपकरण, हर प्रकार के उत्पादों की जालसाजी हो रही है। इस तरह के नकली उत्पादों से न सिर्फ लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि सरकारी खजाने को भी चूना लगता है।

## उत्तरप्रदेश जालसाजी में सबसे ऊपर

राज्यवार देखें तो उत्तरप्रदेश इस तरह की जालसाजी में सबसे ऊपर है। इसके बाद बिहार, राजस्थान, झारखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब और गुजरात का स्थान है। एएसपीए के अनुसार, 2018 और 2019 में सबसे अधिक कारोबार नकली शराब का हुआ। शराब के मामले में 65 प्रतिशत नक्काली उत्तरप्रदेश और झारखंड में हुई। खाद्य पदार्थों में मिलावट के 50 प्रतिशत से अधिक मामले उत्तरप्रदेश, राजस्थान और पंजाब में पाए गए। नकली दवाओं के 50 प्रतिशत मामले उत्तरप्रदेश और बिहार के रहे। इसके बाद खाद्य एवं पेय पदार्थ, दवा, एफएमसीजी, दस्तावेज, तंबाकू, वाहन, निर्माण सामग्री तथा रसायन के उत्पादों की सर्वाधिक नक्काली हुई। नकली मुद्रा के 25 प्रतिशत मामले सिर्फ पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से रहे।

# खराब कल-पुर्जे लगाने वाली ऑटो कंपनियों पर लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर गाड़ियों के लिए रिकॉल पॉलिसी लेकर आएगी। मतलब अब सरकार ऑटो कंपनियां को गाड़ियों को रिकॉल करने का आदेश दे सकेगी। अभी तक गाड़ियों में तकनीकी या फिर किसी अन्य तरह की खराबी पर ऑटो कंपनियां अपनी मर्जी के तहत गाड़ियों को रिकॉल करती थी। हालांकि अब सड़क परिवहन और भारी उद्योग मंत्रालय की ओर से एक टेस्टिंग एजेंसी बनाई जाएगी, जो समय-समय पर गाड़ियों को जांच करेगी। इस दौरान अगर गाड़ी में कोई तकनीकी या फिर ऑटो पार्ट्स या किसी अन्य तरह की खामी पाई गई, तो सरकार उस बैच की सभी गाड़ियों को रिकॉल करने का आदेश देगी। वहीं कुछ शर्तों के साथ ऑटो कंपनियों पर जुर्माना भी लगाने का प्रावधान होगा।

- सरकार नई पॉलिसी के तहत ऑटो कंपनियां को गाड़ियों रिकॉल करने का आदेश जारी कर सकेगी

## गड़बड़ी पर टेस्टिंग एजेंसी का रद हो सकेगा रजिस्ट्रेशन

सड़क परिवहन और भारी उद्योग मंत्रालय इस मामले में पॉलिसी बना रहा है। वहीं नए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अगर अधिकृत टेस्टिंग एजेंसी की तरफ से प्रमाणित वाहन में खामी पाई गई, तो टेस्टिंग एजेंसी का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है। बता दें कि साल 2013 में ऑटोमोटिव रिसर्च एजेंसी ऑफ इंडिया (एआरएआई) की तरफ से प्रमाणित जनरल मोटर्स की कार में खामी पायी गई थी।




फरीदाबाद में शुक्रवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 69वें बैच की आईआरएस (भारतीय राजस्व सेवा) अफसर को अवार्ड प्रदान करती हुई।

रेटिंग एजेंसी : भारत का क्रेडिट रेटिंग परिदृश्य किया नकारात्मक

# मूडीज ने घटाई भारत की क्रेडिट रेटिंग सरकार ने कहा- रिपोर्ट सही नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारत को झटका देते हुए उसके क्रेडिट रेटिंग परिदृश्य को स्थिर से घटाकर नकारात्मक कर दिया। उसने कहा कि सरकार आर्थिक मोर्चे पर जारी सुस्ती को दूर करने में आंशिक रूप से नाकाम रही है।

इसके चलते आर्थिक वृद्धि के नीचे बने रहने का जोखिम बढ़ गया है। मूडीज ने भारत के लिए दीर्घावधि में स्थानीय मुद्रा जारी करने की रेटिंग तथा विदेशी मुद्रा रेटिंग को बीएए 2 - रखा है। यह निवेश के लिहाज से दूसरा निचला ग्रेड स्कोर है।

## सरकार राजकोषीय घाटा नीचे रखने में विफल

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। यह सरकार के राजकोषीय घाटे के 3.3 प्रतिशत पर रखने के लक्ष्य से काफी नीचे है। नकारात्मक परिदृश्य इस ओर इशारा करता है कि निकट अवधि में परिदृश्य में सुधार होने की उम्मीद नहीं है। अगर राजकोषीय मोर्चे पर चीजें समय के साथ स्थिर और बेहतर होती जाएंगी।

## फिच व एसएंडपी ने रेटिंग्स स्थिर रखी


इसके अलावा , आगे के सुधारों की संभावनाएं कम हुई हैं , जो कि कारोबारी निवेश और वृद्धि को ऊंचे स्तर पर ले जाने में मदद कर सकती थी। दो अन्य अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों फिच रेटिंग्स एंड एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत का परिदृश्य स्थिर रखा हुआ है।

## राजस्व वृद्धि कमजोर रहने का अनुमान जताया

सुस्त आर्थिक वृद्धि और कॉरपोरेट कर में अचानक की गई कटौती से राजस्व वृद्धि कमजोर रहने का अनुमान लगाया गया है। मूडीज ने बयान में कहा कि यह परिदृश्य आंशिक रूप से आर्थिक सुस्ती को दूर करने में सरकार और नीति की अक्षमता को दर्शाता है। इसके चलते कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। यह पहले से ही उच्च स्तर पर है।

**खास बातें**

- यह निवेश के लिहाज से दूसरा निचला ग्रेड स्कोर
- विदेशी मुद्रा रेटिंग को बीएए 2 - रखा
- आर्थिक मोर्चे पर जारी सुस्ती दूर करने में विफल रही सरकार
- अक्षम नीति के कारण सरकार का कर्ज बोझ बढ़ रहा




## आर्थिक वृद्धि गिरकर पांच फीसदी

वैश्विक व्यापार विवाद के बीच सरकारी खर्च में कमी और उपभोक्ता मांग प्रभावित होने से देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में गिरकर पांच प्रतिशत पर आ गई है। यह 2013 के बाद सबसे कम वृद्धि दर है।

*सरकार ने कहा अभी बुनियादी कारक मजबूत : सरकार ने हालांकि, मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस के भारत की रेटिंग का परिदृश्य स्थिर से घटाकर नकारात्मक करने पर शुक्रवार को कड़ी प्रतिक्रिया जताई। वित्त मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक मजबूत बने हुए हैं और सरकार की ओर से किए गए उपायों से निवेश में तेजी आएगी।*

## कमजोरियों पर मूडीज ने पहले जताया था अनुमान

इन कमजोरियों का मूडीज ने पहले ही अनुमान जताया था। इनकी वजह से देश का कर्ज धीरे - धीरे बढ़ेगा , जो कि पहले से ही उच्च स्तर पर है। उसने कहा कि सरकार को अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए उठाए गए कदमों से सुस्ती के प्रभाव को कम करने , ग्रामीण क्षेत्र के वित्तीय संकट , रोजगार सृजन में कमजोरी और एनबीएफसी क्षेत्र की दिक्कत को दूर करने में मदद मिल सकती है।

## आर्थिक वृद्धि पहले की तुलना में कम

रेटिंग एजेंसी ने कहा, मूडीज का रेटिंग परिदृश्य को स्थिर से बदलकर नकारात्मक करना इस जोखिम को दर्शाता है कि आर्थिक वृद्धि पहले की तुलना में कम रही सकती है। यह आंशिक रूप से लंबे समय से चली आ रही आर्थिक एवं संस्थागत आर्थिक कमजोरी को दूर करने में सरकार की प्रभावी नीति में कमी को दर्शाता है।

# लागत से कम दाम पर सामान बेचा तो ई-कॉमर्स कंपनियों पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की ओर से लागत से कम दाम पर सामान बेचने की शिकायतों के बीच कॉमर्स और वाणिज्य मंत्रालय भी सक्रिय हो चुका है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ई-कॉमर्स कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उनके प्लेटफॉर्म पर प्रीडेटरी प्राइसिंग यानी लागत से कम दाम पर सामान बेचा गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।



- वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ई-कॉमर्स कंपनियों को दी चेतावनी

**अमेजन इंडिया के साथ बैठक में उठाया मुद्दाः** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसी सप्ताह अमेजन इंडिया के हेड पीयूष गोयल के साथ बैठक में प्रीडेटरी प्राइसिंग का मुद्दा उठाया है। इस मामले से वाकिफ एक अधिकारी के हवाले से प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि पीयूष गोयल ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों का पालन करने को कहा है। साथ ही ई-कॉमर्स कंपनियों से प्रीडेटरी प्राइसिंग को बंद करने को कहा गया है।

**अमेजन के खिलाफ अमेरिका-यूरोपीय संघ में चल रही है जांचः** प्रीडेटरी प्राइसिंग यानी लागत से कम दाम पर सामान बेचने को लेकर अमेजन पर लगे आरोप नए नहीं हैं। अमेजन के खिलाफ प्रीडेटरी प्राइसिंग को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ में जांच चल रही है। अमेरिका इस बात की जांच भी कर रहा है कि एक ही सामान पर बाहरी दुकानदार के मामले में अमेजन को बढ़त हासिल है।

हालांकि, अमेजन समेत सभी ई-कॉमर्स कंपनियां बार-बार कह रही हैं कि वे भारत में ग्राहकों को छूट नहीं दे रही हैं। कंपनियों का कहना है कि ग्राहकों को सीधे सामान बेचने वाले छूट दे रहे हैं।

**कैट ने लगाए हैं कम कीमत पर सामान बेचने के आरोपः** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अमेजन और फ्लिपकार्ट पर लागत से भी कम दाम पर सामान बेचने का आरोप लगाया है।

साथ ही कैट ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर एफडीआई की शर्तों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया है। इस संबंध में कैट ने वाणिज्य मंत्रालय और पीएमओ से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कैट की शिकायत के बाद डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) एफडीआई नियमों के उल्लंघन की जांच कर रहा है।

## ओकिनावा ने लॉन्च किया इलेक्ट्रिक स्कूटर, कीमत 60 हजार रुपये

**नई दिल्ली।** ओकिनावा ने भारत में अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर ओकिनावा लाइट भारत में लॉन्च किया है। भारत में इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत 59,990 रुपए है। इस स्कूटर को हाल ही में भारत में टेस्टिंग के दौरान देखा गया था। यह एक स्लो स्पीड स्कूटर है जिसे खासतौर पर यूथ और विमेन बायर्स के लिए डिजाइन किया गया है। स्कूटर से शहर के अंदर कम दूरी का सफर तय किया जा सकता है। कंपनी का कहना है कि यह एक यूजर फ्रेंडली स्कूटर है। **फीचर्स :** फीचर्स की बात करें, तो इस इलेक्ट्रिक स्कूटर में फुल-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, तीन राइडिंग मोड्स (लो, हाई और एक्सीड) और डिस्प्ले पर बड़ा स्पीडोमीटर व टेकोमीटर और पुश बटन स्टार्ट/स्टॉप जैसे फीचर्स मिलते हैं। स्टार्ट/स्टॉप बटन के बगल में स्टोरेज कम्पार्टमेंट के साथ यूएसबी चार्जर भी दिया गया है। **बैटरी :** इस स्कूटर में 250 वाट बीएलडीसी मोटर दिया गया है जो वॉटरप्रूफ है।



## नोटबंदी से 27 लाख करोड़ के नुकसान का दावा

**नई दिल्ली।** देश में नोटबंदी के असर पर किताब लिखने वाले प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरुण कुमार ने कहा है कि मोदी सरकार के इस फैसले से गत तीन वर्षों के दौरान देश को 27 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से अर्थशास्त्र के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर कुमार ने नोटबंदी के तीन वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन वर्ष पहले देश में काले धन को मिटाने के लिए नोटबंदी का फैसला लिया था, लेकिन काला धन समाप्त होना तो दूर की बात उल्टे देश की अर्थव्यवस्था ही संकट में फंस गई। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में 45 प्रतिशत योगदान असंगठित क्षेत्र करता है और इस नोटबंदी की मार सबसे अधिक असंगठित क्षेत्र पर पड़ी और कई कंपनियां बंद हुई एवं लोग बेरोजगार हुए तथा देश का सकल घरेलू उत्पाद भी नीचे चला गया। उन्होंने कहा कि सरकार के अनुसार देश की आर्थिक विकास दर अब साढ़े पांच प्रतिशत तक पहुंच गयी है लेकिन असंगठित क्षेत्र के आंकड़ों को मिलाकर देखें तो हमारी विकास दर शून्य या ऋणात्मक हो गयी है।

**जीडीपी दर गिरकर साढ़े पांच प्रतिशत तक पहुंच गई**

**एचडीएफसी बैंक से अब लोन लेना होगा सस्ताः** नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने मार्जिनल कॉस्ट लेंडिंग रेट यानी एमसीएलआर में कटौती कर दी है। राइवेट सेक्टर के टॉप बैंकों में शुमार एचडीएफसी ने मार्जिनल कॉस्ट लेंडिंग रेट में 0.05 फीसदी से 0.10 फीसदी तक की कटौती करने का ऐलान किया है।

## सोने में 196 रुपये की गिरावट



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सराफा बाजार में सोना 196 रुपए की गिरावट के साथ 38,706 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्युरिटीज ने यह जानकारी दी। सोना 38,902 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने में गिरावट की तरह ही चांदी भी 956 रुपए टूटकर 45,498 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। गुरुवार को यह कीमत 46,454 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वैश्विक कीमतों में कल की गिरावट के कारण दिल्ली में 24 कैरेट सोने के भाव में 196 रुपए की गिरावट आई। हालांकि साख निर्धारक एजेंसी-मूडी द्वारा भारत के आर्थिक विकास के बारे में साख दर को कम किए जाने के बाद रुपए की विनिमय दर में भारी गिरावट के चलते गिरावट सीमित हो गई।

## रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरा सेंसेक्स




**मुंबई।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने वृद्धि से जुड़ी चिंताओं के चलते शुक्रवार को भारत का साख रेटिंग परिदृश्य स्थिर से घटाकर नकारात्मक कर दिया। इसके कारण घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि मूडीज के परिदृश्य रेटिंग घटाने के साथ ही हालिया तेजी के बाद हुई मुनाफावसूली और अवास्तविक मूल्यांकन के कारण असहजता ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 330.13 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 40,323.61 अंक पर बंद हुआ।

## हेल्थ इंश्योरेंस के साथ जिम मेंबरशिप मुफ्त : इरडा

नई दिल्ली। इंश्योरेंस रेग्युलेटर इरडा जल्द एक नए मसौदा लेकर आएगा। इसके तहत पॉलिसी होल्डर्स को कई तरह के फायदे दिए जा सकते हैं। मतलब अगर आप हेल्थ इंश्योरेंस होल्डर है, तो आपको मुफ्च जिम मेंबरशिप, योगा सेंटर्स और प्रोटीन सप्लीमेंट पर डिस्काउंट वाउचर्स जैसी सुविधाएं मिल सकती हैं। इसके अलावा पॉलिसी होल्डर्स को मुफ्त में ओपीडी सलाह, दवाइयां, हेल्थ चेकअप्स, डायग्नोस्टिक्स मिल सकेंगी। इरडा की मानें, तो नए दिशानिर्देश से हेल्थ सेवाओं को पहले से बेहतर किया जा सकेगा। अभी हेल्थ इंश्योरेंस देने वाली कुछ कंपनियां अपने कवरेज में हेल्थ चेकअप और डायग्नोस्टिक्स देती हैं। इरडा ने कहा है कि बीमा की रकम इससे अलग होगी और किसी बोनस से लिंक नहीं होगी। नए प्रस्ताव में पॉलिसी होल्डर्स को सीधे इन्सेंटिव देने का प्रस्ताव है। इरडा के मुताबिक बीमा कंपनियों को यह भी बताना होगा कि पॉलिसी रिन्यू होने की हालत में ये सभी फायदे कैरी-फॉरवर्ड होंगे या नहीं। पॉलिसी होल्डर्स को साल में एक बार स्टेटमेंट भेज दिए गए बेनेफिट्स की जानकारी देनी होगी।

**प्रोटीन सप्लीमेंट पर डिस्काउंट की भी तैयारी**

## सेबी प्रमुख ने निलेकणि पर कसा तंज

**मुंबई।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख ने कहा कि इंफोसिस मामले की जांच चल रही है। उन्होंने कंपनी के चेयरमैन नंदन निलेकणि द्वारा कंपनी के आंकड़ों को लेकर की गई टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर एक तरह से तंज कसते हुए कहा कि यह भगवान से या उनसे (निलेकणिं से) पूछा जाना चाहिए। निलेकणि ने इंफोसिस को लेकर चल रहे विवादों पर बुधवार को कहा था कि कंपनी नैतिकता के श्रेष्ठ मानकों के आधार पर परिचालन करती है और उसके कामकाज के तौर तरीके इतने मजबूत हैं कि भगवान भी कंपनी के प्रदर्शन आंकड़ों को नहीं बदल सकते हैं। इंफोसिस के ऊपर एक व्हिसलब्लोअर निवेशक ने कंपनी के कामकाज और लेखा रखे जाने के मामले में खामियां बरते जाने का आरोप लगाया है। इसकी वजह से कंपनी विवादों में घिर गई। त्यागी ने सीआईआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर कहा कि सेबी इस मामले की जांच कर रहा है और वह अभी आरोप के बारे में कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the Share Certificate No.(s) 26245 for 100 Equity Shares bearing Distinctive No.(s) 4625101 to 4625200 of **Linc Pen & Plastics Ltd.** standing in the name(s) of Ashish Mago and Lakshman Dass Mago has/have been lost and that an application for issue of duplicate share certificate(s) in respect thereof has been made by the shareholder to the Company's Registrars & Transfer Agent, Maheshwari Datamatics Pvt. Ltd., 23, R.N. Mukherjee Road, 5th Floor, Kolkata-700001 to whom objection, if any, against issuance of such duplicate share certificate(s) should be made within 15 days from the date of publication of this notice.
The Public are cautioned against dealing in any way with these shares.

Place: Delhi
Date: 09/11/2019
Name of the Shareholder/s
Ashish Mago and Lakshman Dass Mago

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

INDIA'S No. 1
तंत्र-मंत्र के सम्राट, गोल्ड मेडलिस्ट
खुदा ने चाहा तो आपका प्यार टूटने नहीं दूँगा
11 मिनटो में फोन पर घर बैठे
कठिन समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान
जैसे: वशीकरण, लवमैरिज, पति-पत्नी मे अनबन गृहक्लेश, सौतन-दुश्मन, लॉटरी-सटटा फिल्म मॉडलिंग गढ़ाधन, कर्ज,कारोबार मे बंदिश, विदेश-यात्रा आदि।
प्यार में धोखा खाये प्रेमी प्रेमिका वशीकरण एवं लव मैरिज कराने हेतु एक बार अवश्य फोन करें।
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी Reg No. 5568
बाबा शकवात बंगाली
काम ना होने पर पैसे वापस
09870155846

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पैशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश
मनचाही शादी, संतान प्राप्ती
विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा
कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना
दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरू मिर्जा खान बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9818053315
9871929265

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी मे अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**ज्योतिष**

तांत्रिक शक्ति के बेताज बादशाह
बाबा शेख साहब बंगाली
कहते नही कर के दिखाते है
3 घंटों में 101% गारंटेड समाधान
जैसे कारोबार में बंदिश, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, मनचाहा प्यार, प्यार में धोखा खाये मिले, बिमारी में दवा ना लगना, पति-पत्नी में अनबन, सास-बहू में झगड़ा, जादु-टोना, विदेश यात्रा, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतल व दुश्मन से छुटकारा
9997322441
लक्ष्मी नगर मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली
निराश अवश्य मिलें

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं० 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि । हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा ।
9012661598
8191087356

**चिकित्सा**

बढ़ाइये अपनी सुंदरता का साइज
अविकसित व छोटे ब्रेस्ट को टाइट, सुडोल,आकर्षक व खूबसूरत बनायें। घर बैठे दवा मंगायें।
15 दिनों में फर्क देखें
फोन करें फ्री सलाह लें
1250/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉमप्लैक्स,दुकान न. 22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055
0129-4310066

**लोन**

☞ दिवाली धमाका ऑफर महिन्द्रा फाइनेंस द्वारा आधारकार्ड मार्कशीट प्रोपर्टी पर्सनल बिजनेस समस्त लोन घर बैठे पाऐं फाइल चार्ज लोन से कटेगा महिलाओं के लिए विशेष छूट 2% ब्याज छूट 50% Mb. 88084-14358

**टावर**

☞ GOVT APPROVED COMPANY द्वारा अपनी खाली जमीन छत प्लांट पर मल्टीमीडिया टावर लगवाये 40 लाख एडवास 25000 किराया कोर्ट एग्रीमेंन्ट email Hindustantawer31@gmail.com 7381258744

☞ महालक्ष्मी टावर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G टावर लगवायें आइडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टावर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, प्लाट पर, 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट, 2 लोगों को नौकरी, सम्पर्क करें 9548973844, धोखेबाजों से सावधान।

**लोन**

☞ उज्जीवन इन्डिया फाइनेंस कम्पनी देश की नम्बर 1 कम्पनी BPL GROUP लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें सभी योजना के अंतर्गत 2% ब्याज 40% छूट 50 लाख तक लोन करवाये धोखेवाजो से सावधान 7381258236

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं JEEVAN BHARTI FINANCE जनधन योजना के अन्तर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित, 94662-46258

☞ श्रीराम फाइनेंस प्रधानमंत्री जनधन योजना के अन्तर्गत घर बैठे मार्कशीट, प्रॉपर्टी, आधार कार्ड, बिजनेस, खेतीबाडी, पशुपालन व सभी प्रकार के लोन 1% ब्याज 50% छूट धोखा खाये व्यक्ति सम्पर्क करें टोलफ्री नं. 18001033950

**लोन**

☞ Mittal India Finance कम्पनी देश की नम्बर-1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड, पर्सनल, मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज, 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएँ, विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान वाट्सऐप नं. 63976-88983

**चिकित्सा**

शराब छुड़वायें हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

**लोन**

☞ सभी योजनाओं के अंतर्गत भारतीय फाइनेंस मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, एग्रीकल्चर लघुउद्योग व समस्त लोन 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं विद्यार्थियों व फौजी भाइयों को विशेष छूट 074296-81655, 074296-79558

**लोन**

☞ गायत्री फाइनेंस समस्त लोन घर बैठे पाये मात्र 24 घंटों में आधारकार्ड, मार्कशीट, होमलोन, बिजनेस, पर्सनल, प्रोपर्टी 2% ब्याज 40% छूट महिलाओं/ विद्यार्थियों को विशेष छूट धोखेबाजों से सावधान 70410-64137

**टावर**

☞ SINGHANIYA GROUP को खाली जमीन, छत, प्लॉट, दुकान पर 4G-5G मल्टीमिडिया डिजिटल टॉवर लगवायें का टेंडर दिया है एडवांस 90 लाख किराया 85000/- + नौकरी + गाड़ी 80040-18830, 73765-17211

# भारत 2023 में करेगा लगातार दूसरे पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी

एजेंसी ▶▶ लुसाने

अंतरराष्ट्रीय हाकी महासंघ (एफआईएच) ने शुक्रवार को यहां भारत को 2023 पुरुष हाकी विश्व कप की मेजबानी के लिए चुना जिससे देश लगातार दूसरी बार इस प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

- स्पेन, नीदरलैंड 1 से 22 जुलाई तक होने वाले 2022 महिला विश्व कप के सह मेजबान

एफआईएच के अनुसार पुरुष हाकी विश्व कप भारत में 13 से 29 जनवरी तक खेला जाएगा। एफआईएच की साल की अंतिम बैठक शुक्रवार को हुई और इसके कार्यकारी बोर्ड ने यह फैसला किया। इसी बैठक में फैसला किया गया कि स्पेन और नीदरलैंड एक से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाले 2022 महिला विश्व कप के सह मेजबान होंगे। पुरूष और महिला दोनों विश्व कप के स्थलों की घोषणा बाद में मेजबान देशों द्वारा की जायेगी। भारत इस तरह चार पुरुष हाकी विश्व कप का आयोजन करने वाला पहला देश बन गया। वह इससे पहले 1982 में मुंबई में, 2010 में नई दिल्ली और 2018 में भुवनेश्वर में इस टूर्नामेंट का आयोजन कर चुका है। नीदरलैंड ने तीन पुरुष हाकी विश्व कप की मेजबानी की है। भारत 2023 में स्वतंत्रता के 75 साल पूरे करेगा इसलिए हाकी इंडिया इस मौके पर देश में इस खेल के विकास को दर्शाने के लिए विश्व कप की मेजबानी करना चाहता था।

## पुरुष हॉकी विश्व कप भारत में 13 से 29 जनवरी 2023 तक होगा : एफआईएच

### भारत में हाल ही में हुए बड़े आयोजन

विश्व कप के अलावा भारत ने हाल में कुछ बड़े हाकी टूर्नामेंट का आयोजन किया है जिसमें 2014 में एफआईएच चैंपियंस ट्राफी, 2016 में जूनियर पुरुष विश्व कप, 2017 में एफआईएच हाकी विश्व लीग फाइनल, 2019 में एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल्स शामिल हैं और हाल में एफआईएच हाकी ओलंपिक क्वालीफायर का समापन हुआ है।



### मेजबानी मिलने पर खुश

हाकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने कहा, 'हम खुश हैं कि हम 2023 पुरुष हाकी विश्व कप की मेजबानी की बोली जीतने में सफल रहे। जब हमने दावेदारी पेश की थी तो हम अपने देश को स्वतंत्रता के 75 साल का जश्न मनाने के लिए एक और कारण देना चाहते थे क्योंकि हमने अंतिम बार यह टूर्नामेंट 1975 में जीता था।'

### 3 देशों ने की थी दावेदारी

पुरुष विश्व कप के अगले चरण की मेजबानी के लिए भारत सहित तीन देशों (बेल्जियम और मलेशिया अन्य दो देश) ने दावेदारी पेश की थी।महिला विश्व कप के लिए पांच देशों जर्मनी, स्पेन, नीदरलैंड, मलेशिया और न्यूजीलैंड ने बोली लगाई थी। 2023 विश्व कप का प्रारूप पिछले चरण की तरह ही होगा।

## खबर संक्षेप



### टी-20 में स्पिनरों की भूमिका अहमः सुंदर

**राजकोट।** भारतीय आफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर का मानना है कि टी-20 क्रिकेट में स्पिनरों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है हालांकि इस छोटे प्रारूप में हर कोई उन्हें निशाना बनाना चाहता है। सुंदर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में स्पिनरों की वास्तव में अहम भूमिका होती है क्योंकि वे गेंद की गति को नियंत्रित करते हैं। कई बार पिच से भी स्पिनरों को थोड़ी मदद मिल सकती है।' चहल ने 13वें ओवर में दो विकेट लिए जिससे भारत को बांग्लादेश को छह विकेट पर 153 रन पर रोकने में मदद मिली।

### प्रेसीडेंट कप में खेलेंगे अमेरिकी कप्तान वुड्स

**लास एंजिलिस।** टाइगर वुड्स अगले महीने अंतरराष्ट्रीय टीम के खिलाफ रॉयल मेलबर्न में होने वाले प्रेसीडेंट कप गोल्फ टूर्नामेंट में अमेरिकी टीम की अगुवाई करेंगे। अप्रैल में मास्टर्स में अपना 15वां मेजर खिताब और अक्टूबर में जापान में जोजो चैंपियनशिप जीतने वाले वुड्स ने 12 सदस्यीय टीम के चार कप्तानों में खुद को शामिल किया है। उनके अलावा यूएस ओपन चैंपियन गैरी वुडलैंड, पूर्व मास्टर्स चैंपियन पैट्रिक रीड ओर टोनी फिनाउ भी इनमें शामिल हैं। वुड्स 1994 के बाद प्रेसीडेंट कप में खिलाड़ी कप्तान बनने वाले पहले गोल्फर हैं। उनसे पहले अमेरिका के हेल इर्विन 1994 में खिलाड़ी कप्तान बने थे।



### दूसरे टी20 में हार के लिए बल्लेबाज दोषी

**राजकोट।** बांग्लादेश के कप्तान महमुदुल्लाह ने भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हार के लिये मध्यक्रम के बल्लेबाजों को दोष देते हुए कहा कि उनके बल्लेबाज लय बरकरार रखने में विफल रहे। महमुदुल्लाह ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हमें बहुत बदलाव की जरूरत है लेकिन कुछ विभाग हैं, विशेषकर बल्लेबाजी में, जिनमें सुधार की जरूरत है। हम लय बरकरार नहीं रखे पाए। हमें 170 रन का स्कोर बनाना चाहिए था। हमने 12 ओवर के बाद 102-103 रन बनाये थे इसलिए हमें 170-180 रन तक पहुंचना चाहिए था।'



### नागल, रामकुमार पाक में खेलने के लिए उपलब्ध

**नई दिल्ली।** भारत के सर्वश्रेष्ठ एकल खिलाड़ी सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन के पाकिस्तान के खिलाफ 29-30 नवंबर को तटस्थ स्थल पर होने वाले मुकाबले के लिये उपलब्धता की पुष्टि करने के बाद डेविस कप टीम में चुन लिये जाएंगे। प्रज्नेश गुणेश्वरन इस मुकाबले के लिये अनुपलब्ध रहेंगे क्योंकि वह मुकाबले के पहले दिन शादी कर रह रहे हैं। नागल ने अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) को गुरूवार रात को पुष्टि भेजी जबकि रामकुमार ने उपलब्धता की पुष्टि कुछ दिन पहले की।



### मोहन बागान के पूर्व सचिव मित्रा का निधन

**कोलकाता।** मोहन बागान के दो दशक से भी अधिक समय तक महासचिव रहे अंजन मित्रा का शुक्रवार को यहां निधन हो गया। अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। मित्रा 72 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी सुजाता मित्रा और पुत्री सोहिनी मित्रा चौबे है। मित्रा 2014 में 'बाइपास सर्जरी' के बाद से ही कई परेशानियों से जूझ रहे थे। अस्पताल के सूत्रों ने कहा, 'उन्होंने तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर अंतिम सांस ली।' मित्रा मई 1995 में बागान के महासचिव बने थे और अक्टूबर 2018 तक इस पद पर रहे।



## क्रिकेट : चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 76 रन से हराया

# मलान और मोर्गन ने तीसरे विकेट के लिए की 182 रन की सबसे बड़ी साझेदारी, जीता इंग्लैंड

एजेंसी ▶▶ नेपियर

डेविड मलान के तूफानी शतक और कप्तान इयोन मोर्गन के साथ उनकी रिकार्ड साझेदारी से इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 76 रन से करारी शिकस्त दी। मलान ने 51 गेंदों पर नाबाद 103 रन बनाए जबकि मोर्गन ने अंतिम ओवर में लंबा शाट लगाने के प्रयास में आउट होने से पहले 91 रन की पारी खेली। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 182 रन जोड़े जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में इस विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

**खास बातें**

- मलान ने 51 गेंदों पर ठोके नाबाद 103 रन, मोर्गन 91 पर आउट
- इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला की 2-2 से बराबर

इंग्लैंड ने दोनों की पारियों की बदौलत तीन विकेट पर 241 रन बनाए जो उसका क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सर्वोच्च स्कोर है। न्यूजीलैंड ने बड़े लक्ष्य के सामने तेजी से रन बनाने के प्रयास में शुरू से लगातार विकेट गंवाए ओर उसकी टीम 16.5 ओवर में 165 रन पर आउट हो गई। इस तरह से इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी है। आकलैंड में रविवार को होने वाला अंतिम मैच अब निर्णायक बन गया है।




### मलान का अपने देश के लिए सबसे तेज शतक

मलान ने अपने शतक के लिए 48 गेंदें खेली और अलेक्स हेल्स के 60 गेंद के पिछले रिकार्ड को आसानी से पीछे छोड़ा। उनकी पारी में छह छक्के और नौ चौके शामिल हैं जबकि मोर्गन ने 41 गेंदों का सामना करके सात छक्के और इतने ही चौके लगाए। मलान ने ईश सोढ़ी के एक ओवर में तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 28 रन बटोरे। उन्होंने ट्रेंट बोल्ट पर स्क्वायर लेग क्षेत्र में चौका जड़कर अपना पहला शतक पूरा किया।

### पांच ओवर के बाद गिरते रहे विकेट

न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तेज शुरुआत की तथा पांचवें ओवर तक स्कोर 54 रन पर पहुंचा दिया। मार्टिन गुप्टिल ने 27 और कोलिन मुनरो ने 30 रन बनाए। इसके बाद निरंतर विकेट गिरते रहे तथा केवल कप्तान टिम साउथी (39) ही कुछ रन जुटा पाए। इंग्लैंड की तरफ से मैट पर्किन्सन ने 47 रन देकर चार और क्रिस जोर्डन ने 24 रन देकर दो विकेट लिए।

### इंग्लैंड ने बेयरस्टॉ को टीम में शामिल किया

इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में होने वाले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए जॉनी बेयरस्टॉ को चोटिल जो डेनली के 'कवर' के तौर पर टीम में शामिल किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज बेयरस्टॉ ने अब तक 69 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्हें मूल टीम में नहीं चुना गया था, हालांकि वह टी20 टीम का हिस्सा हैं और इसलिए अभी न्यूजीलैंड में हैं।

## निशानेबाज चिंकी ने दिलवाया भारत को 11वां ओलंपिक कोटा



**दोहा।** चिंकी यादव ने शुक्रवार को यहां 14वीं एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल फाइनल में जगह बनाकर भारत को निशानेबाजी में 11वां ओलंपिक कोटा दिलाया। चिंकी ने क्वालीफिकेशन में 588 अंक बनाए जिसमें एक 'परफेक्ट 100' भी शामिल है। वह थाईलैंड की नेपहासवान यांगपाइबून (590) के बाद दूसरे स्थान पर रही। यह 21 वर्षीय निशानेबाज अब आठ महिलाओं के फाइनल में भाग लेगी। भारत के लिए यह 25 मीटर पिस्टल में दूसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले राही सरनाबोत ने इस साल के शुरू में म्यूनिख में विश्व कप में पहला कोटा हासिल किया था। इस स्पर्धा में भाग ले रही अन्य भारतीय निशानेबाजों में अनुराज सिंह (575) और नीरज कौर (572) क्रमशः 21वें और 27वें स्थान पर रही।

## आफ स्पिनर अश्विन दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े

**नई दिल्ली।** भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलेंगे जिसके लिए दिल्ली की टीम ने किंग्स इलेवन पंजाब को हरफनमौला खिलाड़ी जगदीश सुचित को देने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी ने पहले खबर दी थी कि दिल्ली कैपिटल्स ने अश्विन को टीम से जोड़ने के लिए सुचित के अलावा 1.5 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि दी है। तैंतीस साल के अश्विन को 7.6 करोड़ रुपए मिलेंगे जो 2018 में उनके लिए लगी नीलामी की बोली के बराबर है। अश्विन ने भारत के लिए 68 टेस्ट और 111 एकदिवसीय में क्रमशः 357 और 150 विकेट लिए हैं। उन्होंने आईपीएल में 2009 में पदार्पण करने के बाद 139 मैचों में 125 विकेट चटकाए हैं।



## 43 मिनट में सात्विक चिराग सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶ फुझोउ

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां चीन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश करके इस बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 750 प्रतियोगिता में भारतीय उम्मीदें बरकरार रखी।

भारत की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में ली जुन हुई और लियु यु चेन की स्थानीय जोड़ी को 43 मिनट में 21-19, 21-15 से हराया।



सात्विक और चिराग शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर एक इंडोनेशियाई जोड़ी मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो से भिड़ेंगे।

### मुंबई ने मिजोरम को 10 विकेट से हराया

**मुंबई।** मुंबई ने शुक्रवार को यहां अपने लीग मुकाबले में मिजोरम को 10 विकेट से शिकस्त देकर सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट अभियान की शुरुआत जीत से की। इस साल यह राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप इंडियन प्रीमियर लीग नीलामी से पहले हो रही है। वानखेड़े स्टेडियम में पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने के बाद मुंबई ने कामचलाऊ आफ स्पिनर सिद्धेश लाड के पांच विकेट से मिजोरम को महज 77 रन पर समेट दिया और फिर इस लक्ष्य को सिर्फ 8.1 ओवर में हासिल कर लिया जिसमें सलामी बल्लेबाज जय बिष्टा ने 24 गेंद में नाबाद 50 रन (पांच चौके और तीन छक्के) और उनके साथी आदित्य तारे ने नाबाद 22 रन बनाए।

## आस्ट्रेलिया ने पाक को 10 विकेट से रौंदकर जीती श्रृंखला

एजेंसी ▶▶ पर्थ

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद आरोन फिंच (52) और डेविड वार्नर (48) की नाबाद आतिशी पारियों से आस्ट्रेलिया ने श्रृंखला के तीसरे और आखिरी टी20 मैच में पाकिस्तान को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की।

श्रृंखला का पहला मुकाबला बरिश से धुल गया था जबकि आस्ट्रेलिया ने दूसरे मैच को सात विकेट से जीता था। पाकिस्तान को निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन पर रोकने के बाद आस्ट्रेलिया के सालामी बल्लेबाजों की जोड़ी ने महज 11.5 ओवर में 109 रनाकर मैच अपने नाम किया। अगले साल घरेलू सरजमीं पर होने वाले विश्व कप की तैयारी में लगी आस्ट्रेलियाई टीम की इस प्रारूप में यह लगातार आठवीं जीत है। कप्तान फिंच ने 36 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए जबकि वार्नर ने 35 गेंद की नाबाद पारी में दो छक्के और चार चौके लगाए।

टास गंवा कर बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तान की टीम इफ्तिखार अहमद की 45 रन की पारी के बावजूद आठ विकेट पर 106 रन ही बना सकी। मैन आफ द मैच सीन एबोट ने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए।



## एटीपी फाइनल्स : जाकोविच कर सकते हैं फेडरर की बराबरी

# बादशाहत कायम रखने उतरेंगे जोकोविच और नडाल

एजेंसी ▶▶ लंदन

नोवाक जोकोविच एटीपी फाइनल्स में रोजर फेडरर के रिकार्ड छह खिताब की बराबरी करके और राफेल नडाल को नंबर एक रैंकिंग से हटाकर इस सत्र का शानदार अंत कर सकते हैं। जर्मनी के अलेक्सांद्र जेवरेव ने पिछले साल एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में जोकोविच को हरा दिया था लेकिन यह सर्बियाई टेनिस दिग्गज इस साल खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। जोकोविच और नडाल ने मिलकर इस साल के चारों ग्रैंडस्लैम जीते और अगली पीढ़ी को अपनी बादशाहत नहीं जमाने दी। नडाल ने अब तक एटीपी फाइनल्स का खिताब नहीं जीता है लेकिन उन्होंने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी को इस सप्ताह नंबर एक रैंकिंग से हटा दिया था और वह उम्मीद कर रहे हैं कि साल के आखिर में भी वह शीर्ष पर काबिज रहेंगे। टूर्नामेंट से पहले हालांकि चोट उनके लिए परेशानी का सबब बनी है। फेडरर, नडाल और जोकोविच को शीर्ष वरीयता दी गई है और वे 2007 के बाद पहली बार एक साथ एटीपी फाइनल्स में खेलेंगे। बारह साल बाद भी पुरुष टेनिस के शीर्ष खिलाड़ियों में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है हालांकि उन्हें रूस के डेनिल मेदवेदेव से सतर्क रहना होगा जिन्होंने अगस्त के बाद दो मास्टर्स खिताब जीते हैं और नडाल को यूएस ओपन फाइनल में पांच सेट तक संघर्ष करवाया था।

- नडाल ने अब तक एटीपी फाइनल्स का खिताब नहीं जीता है



### शीर्ष आठ खिलाड़ी लेते हैं भाग

एटीपी फाइनल्स में शीर्ष आठ खिलाड़ी भाग लेते हैं। इन चारों के अलावा इस बार आसट्रिया के डोमिनिक थीएम, यूनान के स्टेफेनोस सिटिसिपास, जर्मनी के जेवरेव और इटली के मैटियो बेरेटिनी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। नडाल पांचवीं बार साल के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने की कोशिश करेंगे। वह अभी जोकोविच से 640 अंक आगे हैं। नडाल को आंद्रे अगासी ग्रुप में रखा गया है जहां उनके प्रतिद्वंद्वी मेदवेदेव, सिटिसिपास और जेवरेव होंगे। जोकोविच, फेडरर, थीम और बेरेटिनी को ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में रखा गया है। जोकोविच ने 2012 से 2015 तक लगातार चार साल खिताब जीता था लेकिन पिछले तीन वर्षों में दो बार उन्हें फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। फेडरर ने 2011 के बाद से एटीपी फाइनल्स नहीं जीता है।

## पंत को समय देने की जरूरत अच्छा प्रदर्शन करेगा: गांगुली



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

विकेट के पीछे और बल्ले से संघर्ष कर रहे ऋषभ पंत का बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने समर्थन करते हुए कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज शानदार खिलाड़ी है और समय के साथ उनके खेल में निखार आयेगा।

पंत बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में खराब फार्म से गुजर रहे हैं । गांगुली से जब पूछा गया कि क्या उन्हें विकेट के पीछे महेन्द्र सिंह धोनी की कमी खल रही है तो उन्होंने कहा, 'वह (पंत) शानदार खिलाड़ी है। उसे थोड़ा समय देने की जरूरत है, वह अच्छा करेगा। वह धीरे-धीरे परिपक्व होगा, आपको उसे समय देना होगा। भारतीय टीम ने कल (गुरुवार को) शानदार खेल दिखाया।' बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में 26 गेंद में 27 रन बनाने वाले पंत की खराब विकेटकीपिंग और गलत डीआरएस का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा था और बांग्लादेश की टीम पहली बार टी20 में भारत को हराने में सफल रही। दूसरे टी20 में उन्होंने आसान स्टंपिंग की लेकिन विकेट के आगे गेंद पकड़ने के कारण यह नो बॉल हो गई। उन्होंने हालांकि इसके बाद शानदार रन आउट और स्टंपिंग करके खुद से दबाव कुछ कम किया।

## खबर संक्षेप

### आज नीदरलैंड दौरे पर जाएंगे एस जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर नौ से 11 नवंबर तक नीदरलैंड के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह साझा हित के द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। जयशंकर, नीदरलैंड की संसद में प्रतिनिधिसभा की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों से बातचीत करेंगे और विभिन्न सियासी दलों के उच्चाधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

### हांगकांग में छात्र की मौत से तनाव बढ़ा

**हांगकांग।** हांगकांग में चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान पिछले हफ्ते एक बहुमंजिला कार पार्किंग से नीचे गिरे छात्र की शुक्रवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटनाक्रम के बाद, बीते पांच महीनों से चल रहे लोकतंत्र आंदोलन के समर्थकों के बीच तनाव और बढ़ गया है एवं हिंसक झड़पों की आशंका बढ़ गई है। अस्पताल ने शुक्रवार सुबह कंप्यूटर विज्ञान विषय में स्नातक के 22 वर्षीय छात्र एलेक्स चाउ की मौत की पुष्टि की। चाउ को सोमवार तड़के बेहोशी की हालत में लाया गया था।

### मानवाधिकार कार्यकर्ता ने संयुक्त राष्ट्र में खोली पाक की पोल

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तानी ईसाई मानवाधिकार कार्यकर्ता ने इमरान सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि देश की सरकार और सुरक्षा एजेंसियां धार्मिक हिंसा के पीड़ितों की मदद करने के लिए उनको और उनके सहयोगियों को निशाना बना रही है। पाकिस्तान के फैसलाबाद में एनजीओ चलाने वाले नावेद वाल्टर हाल ही में पाकिस्तान छोड़ अमेरिका चले गए थे। पाकिस्तान सरकार पर आरोप लगाते हुए नावेद ने कहा कि मुझे धार्मिक अल्पसंख्यकों और धार्मिक आजादी के लिए काम करने को लेकर निशाना बनाया जा रहा है। विशेष रूप से कानूनी कार्यवाही के माध्यम से अल्पसंख्यकों की सहायता और दोषियों को न्याय दिलाने के लिए मेरे खिलाफ साजिश रची जा रही है।

ह्यूमन राइट्स फोकस पाकिस्तान एनजीओ 1994 से लगातार पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों के लिए लड़ रहा है।

### करतारपुर साहिब: भारत की ओर बनी सड़क पर आठ हजार पौधे लगेंगे

# 340 लाइटों से रोशन होगा कॉरिडोर

### भारत ने इस योजना पर लगभग 500 करोड़ रुपये खर्च किए


एजेंसी ▶▶| जालंधर

लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एलपीएआई) के अध्यक्ष गोविंद मोहन के मुताबिक, 'कॉरिडोर भारत में गांव मान से अंतरराष्ट्रीय सीमा तक 3.8 किलोमीटर लंबा है। इसे बनाने में 13 दिसंबर 2018 को तारबंदी के पास निशानदेही हुई थी। पांच अप्रैल 2019 को रोड पर मिट्टी डालने का काम शुरू हुआ था। 31 अक्टूबर को सड़क बनाने का काम पूरा हो गया। भारत की ओर बनी सड़क पर लगभग आठ हजार पौधे लगेंगे और यह कार्ररिडोर 340 लाइटों से रोशन किया जाएगा।

कॉरिडोर की लागत भी शुरुआत में लगभग 90 करोड़ मानी जा रही थी, फिर यह बढ़कर 290 करोड़ हुई। 100 करोड़ कॉरिडोर के निर्माण पर तो 190 करोड़ जॉइंट चेक पोस्ट के निर्माण पर खर्च होने थे। जुलाई 2019 में केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने कहा था कि करीब 500 करोड़ की लागत से कॉरिडोर बन रहा है।

करतारपुर कॉरिडोर पाकिस्तान की तरफ चार किमी लंबा है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान सरकार ने 9 महीने में 300 करोड़ रुपए खर्च करके इसे तैयार किया है। भारत का एक रुपया पाकिस्तान के 2.21 रुपए के बराबर है। 28 नवंबर 2018 को लोकार्पण के बाद पाकिस्तान ने 31 जनवरी 2019 से यहां काम शुरू किया था, जो अक्टूबर में पूरा हो गया।

पाकिस्तान के कॉरिडोर प्रोजेक्ट डायरेक्टर आतिफ माजिद ने बताया कि शुरुआत में भारत से हर दिन पांच हजार तीर्थयात्री दर्शन के लिए आ सकेंगे। बाद में इस संख्या को बढ़ाकर 10 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन कर दिया जाएगा।



यात्रियों के लिए 152 काउंटर बनाए जाएंगे। जीरो पॉइंट से 350 मीटर दूर बॉर्डर टर्मिनल बनाए जाएंगे। यात्रियों को बिल्कुल एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।

करतारपुर कॉरिडोर पर इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के बीच में भारत की ओर 300 फुट ऊंचा तिरंगा झंडा लगा है, जो पांच किमी दूर तक दिखाई देगा। 15 एकड़ जमीन पर पैसेंजर टर्मिनल कॉम्प्लेक्स बनाया गया है। 16000 वर्गमीटर (लगभग 13000 वर्गमीटर भूतल-3000 वर्गमीटर मध्यतल) की मुख्य इमारत हवाई अड्डे की तरह पूरी तरह से वातानुकूलित है।

भारत की तरफ इसमें रोज लगभग 5,000 यात्रियों को आसानी से गुजरने के लिए सभी सार्वजनिक सुविधाएं दी जाएगी।

इसमें सभी आवश्यक सार्वजनिक सुविधाएं जैसे-कियोस्क, वॉशरूम, चाइल्ड केयर, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, प्रार्थना कक्ष और मुख्य भवन के अंदर स्नैक्स काउंटर होंगे।

जल निकायों के साथ लैंडस्केप क्षेत्र, कलाकृतियों, स्थानीय संस्कृति की मूर्तियां, बैठने की जगह, कैनोपी, शून्य बिंदु तक बैंच होंगे। तीर्थयात्रियों की यात्रा की सुविधा के लिए 54 अप्रवासी काउंटर होंगे। 10 बसों, 250 कारों और 250 दुपहिया वाहनों के लिए बड़ा पार्किंग स्थल बन रहा है।

पाकिस्तान ने करतारपुर कॉरिडोर के किए कामों को लेकर एक वीडियो जारी किया। इसमें बताया गया है कि जो श्रद्धालु भारत से पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शनों को आएंगे, वह जीरो लाइन से होकर बनाई चेक पोस्टों पर एंट्री कराने के बाद इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों और इलेक्ट्रॉनिक मिनी बसों से पैसेंजर टर्मिनल तक जाएंगे। पैसेंजर टर्मिनल पर पाक ने 76 काउंटर लगाए हैं, जिसमें इमीग्रेशन के अलावा, चेकिंग आदि का काम होगा।

पाकिस्तान ने गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के नजदीक बहुत बड़ा खंडा साहिब बनाया है, जो कि आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं, छोटी इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को हलका हरा रंग दिया गया है, जिनके अगले हिस्से पर गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब की फोटो लगाई है, जबकि मिनी बसों को लाल रंग दिया गया है, जिसके दोनों तरफ श्री करतारपुर साहिब की फोटो लगी हुई है।

# ट्रंप पर 20 लाख डॉलर का जुर्माना

### धर्मार्थ संगठन के धन का दुरुपयोग करने का आरोप



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक न्यायाधीश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बृहस्पतिवार को 20 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया। ट्रंप पर यह जुर्माना अपने एक धर्मार्थ संगठन के धन का दुरुपयोग खुद के राजनीतिक एवं कारोबारी लाभ के लिए करने को लेकर लगाया गया है। न्यूयॉर्क राज्य के न्यायाधीश सेलियन स्कारपुला ने ट्रंप को यह राशि कई धर्मार्थ संगठनों को देने का आदेश दिया है।

न्यायाधीश ने यह फैसला न्यूयॉर्क अटॉर्नी जनरल के कार्यालय द्वारा ट्रंप के खिलाफ दायर वाद पर सुनाया। यह वाद ट्रंप फाउंडेशन की संपत्तियों के इस्तेमाल को लेकर दायर किया गया था।

न्यायाधीश ने कहा कि ट्रंप ने 2016 में आयोवा कॉकस की दावेदारी के लिए अनुदान जुटाने की खातिर चुनाव प्रचार में शामिल उनके कर्मियों को संस्था के साथ काम करने के लिए अनुचित तरीके से अनुमति दी।

न्यायाधीश स्कारपुला ने कहा कि चंदा जुटाने का यह कार्यक्रम, ट्रंप के राजनीतिक अभियान को आगे बढ़ाने के मकसद से आयोजित किया गया था।




# ईरान में भूकंप में पांच मरे, 120 घायल



**तेहरान।** पश्चिमोत्तर ईरान में 5.9 तीव्रता के भूकंप में कम से कम पांच लोग मारे गए और 120 अन्य घायल हो गए। आपात सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टीवी चैनल ने बताया कि यह भूकंप ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में बृहस्पतिवार देर रात दो बजकर 20 मिनट पर आया और इसका केंद्र जमीन से दो किलोमीटर की गहराई में था। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 5.8 थी और इसका केंद्र जमीन की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था।

ईरान में अकसर भूकंप आता रहता है। यहां के बाम शहर में 2003 में आए 6.6 तीव्रता के भूकंप के कारण 26,000 लोगों की मौत हो गई थी।

# चीन सड़क बनाने के बहाने हड़प रहा नेपाल की जमीन

एजेंसी ▶▶| काठमांडू



भारत का पड़ोसी देश नेपाल अब चीन की विस्तारवादी नीति की चपेट में है। नेपाल के सर्वे विभाग ने कहा है कि चीन तिब्बत में चल रही सड़क निर्माण परियोजना के बहाने नेपाल की जमीन का अतिक्रमण कर रहा है। इस परियोजना में नेपाल अपनी कई हेक्टेयर जमीन गंवा चुका है।नेपाली मीडिया में प्रकाशित सर्वे विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, चार जिलों सनखुवासाभा, रसुवा, सिंधुपलचौक और हुमला की 36 हेक्टेयर जमीन चीन सीमा से लगती है। तिब्बत के फुरंग इलाके से सटे हुमला जिले की भागदर नदी की करीब छह हेक्टेयर और करनाली जिले की चार हेक्टेयर जमीन पर चीन ने अतिक्रमण कर लिया है।







### ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में ड्रोन को मार गिराया

**तेहरान।** ईरान की सेना ने शुक्रवार को खाड़ी के तटीय क्षेत्र में बंदर-ए-महशहर बंदरगाह के निकट एक अज्ञात ड्रोन को मार गिराया।

ईरान की समाचार एजेंसियों ईस्ना और तसनीम के मुताबिक, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल के जरिए मानव रहित ड्रोन को ईरानी क्षेत्र में गिराया गया।

हालांकि दोनों में से किसी भी समाचार एजेंसी ने इस घटना को लेकर और अधिक जानकारी नहीं दी है। गौरतलब है कि 2015 के ईरान परमाणु समझौते से अमेरिका के बाहर निकलने के बाद से वाशिंगटन और तेहरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका का ड्रोन मार गिराए जाने के बाद ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का फैसला किया था, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अपना फैसला वापस ले लिया था।

### सिंगापुर में प्रवासियों की पत्नियां सामुदायिक सेवा के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

सिंगापुर में रह रहे भारतीय प्रवासियों की पत्नियां यहां समाज को एकजुट करने के लिए कई सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियां चला रही हैं। भारतीय मूल के कार्यकारियों की जीवनसाथी सिंगापुर के बाहर भी वैश्विक संपत्ति और उद्योगों का भी प्रबंधन कर रही हैं और परिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के बाद बचे समय में सामाजिक कार्य कर रही हैं।

सामाजिक कार्य वर्ष 1997 में स्थापित 'भारतीय महिला संघ (आईडब्ल्यूए) के जरिये किए जा रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109